रोहतक
रविवार 26 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 81
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 44.6
न्यून. 22.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


जम्मू और कश्मीर में गर्मी में नदी में नहाती महिला।

## खबर संक्षेप

### वाराणसी से पुणे चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल को बरेका में जनसभा स्थल से बनारस-पुणे अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाएंगे। पहले दिन यह गैर वातानुकूलित प्रीमियम ट्रेन उद्घाटन स्पेशल बनकर जाएगी। बनारस स्टेशन पर इसका सजीव प्रसारण होगा। बोर्ड के निदेशक संजय आर. नीलम के पत्र बाद तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर के जोजिला में एवलांच, कई वाहन दबे



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के जोजिला पास के शैतान नाला क्षेत्र में शनिवार को एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। इसकी चपेट में आने से कई वाहन 8 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। एक टैंकर ड्राइवर एवलांच में फंसा हुआ है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीमों को मौके पर भेजा गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। टीमें बर्फ हटाने और फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटी हैं। पिछले 28 दिनों में जोजिला पास में यह दूसरा एवलांच है। एजेंसी

### सांबा में 'पीआईए' लिखा पाक गुब्बारा मिला




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के एक गांव में पीआईए लिखा संदिग्ध गुब्बारा मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इसे कब्जे में ले लिया। शुरुआती जांच में सामने आया कि ये गुब्बारा हवा के कारण यहां पहुंचा होगा, लेकिन इसके सोर्स और मकसद का पता लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। एजेंसी

### नीति आयोग का पुनर्गठन चार सदस्य किए नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को नीति आयोग का पुनर्गठन किया। राजीव गौबा, के वी राजू, अभय करंदीकर, एम श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया। इसके पहले नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उनके साथ नीति आयोग के नए सदस्य डॉ. गोबर्धन दास भी थे। दोनों प. बंगाल से आते हैं। अशोक लाहिड़ी चार दशक से अधिक समय से आर्थिक नीतियों से जुड़े रहे हैं।



**रोहतक**
**लगातार दूसरे दिन देश में छठा सबसे गर्म शहर**

## उफ्फ गर्मी! हरियाणा समेत समूचा उत्तर भारत उबल रहा

# आसमान से बरस रही आग हीटवेव की चपेट में प्रदेश

**रोहतक में दिन व भिवानी में रात्रि पारा सबसे ज्यादा**

**12 शहरों में हीटवेव, घरों में दुबके लोग, बाजार हुए सूने**

**आज रात से बदलेगा मौसम कल से बारिश के आसार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में अब गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। शनिवार को हरियाणा में झुलसाने वाली गर्मी का अटैक देखने को मिला। सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में उफान जारी है। हरियाणा में तापमान के लिहाज से रोहतक सबसे गर्म रहा। शनिवार को रोहतक का दोपहर का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जोकि देश में छठा सबसे गर्म स्थान रहा। जबकि रात्रि पारे के लिहाज से भिवानी 30 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। प्रदेश में अधिकतम पारा सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक चल रहा है। प्रदेश के अधिकतर इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। उधर, मौसम वैज्ञानिकों को कहना है कि प्रदेश में आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। तेज गति की हवाओं, आंधी, अंधड़ के साथ हल्की बारिश बूंदा-बांदी की सम्भावना बन रही है।

**राज्य के प्रमुख जिलों का अधिकतम तापमान**

| स्थान | पारा | स्थान | पारा |
|---|---|---|---|
| रोहतक | 44.6 | सोनीपत | 42.2 |
| फरीदाबाद | 43.6 | महेन्द्रगढ़ | 42.0 |
| नारनौल | 43.5 | अंबाला | 41.9 |
| हिसार | 43.0 | नूंह, मेवात | 41.6 |
| करनाल | 42.8 | सिरसा | 41.6 |
| भिवानी | 42.5 | झज्जर | 41.5 |
| जींद | 42.5 | चरखी दादरी | 41.0 |
| | | गुरुग्राम | 41.0 |

### // बिजली की डिमांड ऑल टाइम हाई पर पहुंची //

देश में बढ़ती गर्मी के बीच बिजली की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। शनिवार को देशभर में बिजली की डिमांड आज तक की सर्वाधिक 252.07 गीगावाट पर पहुंच गई। इससे पहले यह डिमांड मई 2027 में 250 गीगावाट पर पहुंची थी। **न दिन में और न ही राहत में राहत :** वर्तमान परिदृश्य में हरियाणा पर लगातार पश्चिमी गर्म मरूस्थलीय शुष्क हवाओं और सूर्य के तल्ख तेवरों ने सम्पूर्ण इलाके में तापमान में सामान्य से अधिक बने हुए हैं। हरियाणा में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस से 44.6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। कुछ स्थानों पर हीट बेब लूं की स्थिति बनी हुई है। बढ़ते पारे से लोगों को न दिन में और न ही राहत में कुछ राहत है। गर्मी के कारण जनजीवन लगातार प्रभावित हो रहा है।



### आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

अप्रैल महीने के अंतिम दिनों में संभावित मौसमी गतिविधियों को देखते भारतीय मौसम विभाग ने सम्पूर्ण इलाके पर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते बढ़ते हुए तापमान को जरूर नियंत्रित करेंगी जिसकी वजह से आमजन को कुछ राहत के आसार बन रहे हैं। अगर हवाओं की गति धीमी हुई तो हरियाणा में उमस भरी गर्मी अपने रंग दिखाती रहेगी।

### आगे क्या : कल रात्रि से प. विक्षोभ होगा सक्रिय

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ 27 अप्रैल रात को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी हरियाणा पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी पहुंचने लगेगी। इससे सम्पूर्ण इलाके में बादलों की आवाजाही में बढ़ोतरी और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने आंधी अंधड़ के साथ हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की 27 से 29 अप्रैल के दौरान संभावना बन रही है। उसके पीछे-पीछे 30 अप्रैल और उसके बाद 2 मई और 5 मई को भी एक बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा में मौसम में बदलाव आएगा।

### 40 प्रतिशत बढ़े डिहाइड्रेशन के मरीज

गर्मी का सीधा असर सेहत पर दिख रहा है। सिविल अस्पताल की ओपीडी में डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। चक्कर, सिरदर्द, ज्यादा प्यास और कमजोरी की शिकायत लेकर रोज मरीज पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा असर महिलाओं और बच्चों पर दिख रहा है।

### स्कूलों में अलर्टः 10 बजे के बाद नो एक्टिविटी

हालात को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। डीईओ संगीता बिश्नोई ने आदेश जारी किए हैं कि सुबह 10 बजे के बाद स्कूलों में कोई एक्टिविटी नहीं होगी। बच्चों को बार-बार पानी पिलाने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही कक्षाओं को गर्म हवाओं से बचाने के लिए खिड़की, रोशनदान बंद रखने को कहा गया है। गर्मी के मौसम को लेकर बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## 5 राज्यों के 14 शहरों में तापमान तोड़ रहा रिकॉर्ड

**दिल्ली में हॉस्पिटल में बनी हीटस्ट्रोक यूनिट**

*इसमें बाथ टब और कूलिंग बेड, यूपी के वाराणसी में ट्रैफिक सिग्नल पर लगाई ग्रीन नेट*

**भोपाल/ लखनऊ /जयपुर/ शिमला (एजेंसी)।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका है। इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं। इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में 'हीटस्ट्रोक यूनिट' बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200 किलो बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में



लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8 डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 3 जिलों में हीटवेव चल रही है। इससे पहले शुक्रवार को देश का सबसे गर्म शहर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा। यहां तापमान 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के अकोला में पारा 45 डिग्री, अमरावती में 44.8 डिग्री रहा।

### राज्य सरकारों ने उठाए कदम

- उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में दोपहर 12 से 4 बजे मजदूरों के काम पर रोक लगा दी गई है।
- ओडिशा में 18 शहरों में पारा 40 डिग्री पार कर गया है। सरकार सोमवार से राज्य के सभी स्कूल बंद करने की घोषणा की है।
- केरल में सीएम ने लोगों से दिन में 11 से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने की सलाह दी है। उन्होंने सेल्फ लॉकडाउन को अपनाने के लिए कहा है।
- कर्नाटक सरकार ने सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक यूनिट बनाने का आदेश दिया है। ये सभी यूनिट 31 जुलाई तक चालू रखी जाएंगी।
- मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

# फिर भंवर में फंसी वार्ता

## अराघची लौटे, अमेरिकी दूत भी नहीं आएंगे पाक

**ट्रंप बोले, बिना नतीजे वाली वार्ता का कोई फायदा नहीं**
**• ईरान चाहे तो हमसे संपर्क क सकता है**

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता फिर भंवर में फंस गई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी शर्तें पाकिस्तान को सौंप दी और लौट गए। इसके बाद गुस्साए ट्रंप ने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव



विटकॉफ और अपने दामाद जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद आने से रोक दिया। यह दल पाकिस्तान के लिए रवाना होने वाला था। ट्रंप ने कहा कि 18 घंटे की यात्रा करने का कोई फायदा नहीं था। ईरान चाहे तो अमेरिका से बात कर सकता है।

**कांग्रेस को बड़ा झटका**

## पंचकूला में पूर्व मेयर उपिंद्र कौर ने ज्वाइन की भाजपा

**पंचकूला (ब्यूरो)।** हरियाणा के पंचकूला में नगर निगम चुनाव के दौरान कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की पूर्व मेयर उपिंद्र कौर आहलूवालिया ने भाजपा ज्वाइन कर ली है। भाजपा में शामिल करने के लिए खुद सीएम नायब सैनी उनके घर पर पहुंचे। मेयर चुनाव की उठापटक नामांकन होने के बाद शुरू हो गई है। उपिंद्र कौर ने पिछले चुनाव में बतौर कांग्रेस उम्मीदवार 2 हजार के करीबी मार्जन से मात खाई थी। हालांकि, नगर निगम बनने के बाद पंचकूला शहर की वे कांग्रेस की टिकट पर मेयर भी रहीं हैं। उपिंद्र कौर आहलूवालिया के इन दिनों पंचकूला कांग्रेस विधायक चंद्रमोहन के साथ संबंध सही नहीं है। चंद्रमोहन ने कांग्रेस की अनुशासन समिति को उनकी शिकायत भी की। जिस पर उपिंद्र कौर को पार्टी ने नोटिस भी दिया था।

**■ टिकट न मिलने से थी नाराज, सीएम खुद पहुंचे घर**

**◀ पार्टी राज्यसभा चेयरमैन को लिखेगी पत्र**

## आप की 7 राज्यसभा सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) अपने सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद उन्हें अयोग्य ठहराने के लिए राज्यसभा चेयरमैन को पत्र लिखेगी। आप का आरोप है कि इन सांसदों का कदम असंवैधानिक है और उन्हें अयोग्य घोषित करना चाहिए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि दलबदल विरोधी कानून के तहत राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार के विभाजन या गुटबाजी को मान्यता नहीं दी जाती, चाहे वह दो-तिहाई बहुमत के साथ ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची भी ऐसे किसी अलग गुट को वैध नहीं मानती।

### सांसद भज्जी-गुप्ता के घर पर लिखा 'गद्दार'

आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने वाले 7 में से 3 राज्यसभा सांसदों हरभजन सिंह भज्जी, राजिंदर गुप्ता और एलपीयू के संस्थापक अशोक मित्तल के खिलाफ आप के वर्करों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने जालंधर में भज्जी और लुधियाना में ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक राजिंदर गुप्ता के घर के बाहर गद्दार लिख दिया। वहीं, भाजपा ने शनिवार को दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के 95 लोधी एस्टेट के आवास की तस्वीरें जारी कीं। दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि उनके मन में अभी भी 'शीशमहल' रहता है। *(पैकेज पेज-4 पर)*

## एअर इंडिया फ्लाइट में दो घंटे बिना एसी के बैठे यात्री

**इंदौर।** दिल्ली से इंदौर आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-2515 को तकनीकी खराबी के चलते रनवे से वापस टर्मिनल पर लाना पड़ा। रनवे पर खड़ी फ्लाइट के अंदर एयर कंडीशनिंग (एसी) बंद कर दी गई। भीषण गर्मी और बंद केबिन में 2 घंटे फंसे रहने से यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों ने रिफंड की मांग को लेकर नारेबाजी की। यह फ्लाइट रोजाना दोपहर 12:10 बजे दिल्ली से उड़ान भरती है और 1:45 बजे इंदौर पहुंचती है, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण इसमें देरी हुई। पहले इसके शाम 5 बजे तक इंदौर पहुंचने की संभावना जताई गई थी, लेकिन 3 घंटे की देरी के बाद शाम 5:15 बजे दोबारा रवाना हुई।

**■ डिले करने के बाद कैंसिल, दिल्ली से आ रही थी इंदौर**

**◀ 2500 करोड़ के भुगतान के बावजूद 4,500 बायर्स को नहीं दिए घर**

## रहेजा बिल्डर के घर और ऑफिस पर ईडी के छापे

**गुरुग्राम, (धर्मेंद्र कौशिक)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को करीब 4,500 खरीदारों को घरों की डिलीवरी में देरी से जुड़े 2,500 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी के मामले में दिल्ली-एनसीआर में रहेजा डेवलपर्स, इसके प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं से जुड़े कई परिसरों की तलाशी ली। ईडी के दिल्ली जोनल कार्यालय ने नवीन रहेजा, उनके बेटे नयन रहेजा, परिवार के अन्य सदस्यों और कंपनी निदेशकों से जुड़ी संपत्तियों को निशाना बनाते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा, सैनिक फार्म और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी सहित सात स्थानों पर छापे मारे। जांच इस आरोप से संबंधित है कि डेवलपर ने घर खरीदारों से, विशेष रूप से गुड़गांव की रहेजा रेवंता परियोजना में, लगभग 2,500 करोड़ रुपये एकत्र किए, लेकिन प्रतिबद्ध समय सीमा के भीतर फ्लैट देने में विफल रहा। ईडी द्वारा रहेजा डेवलपर्स, उसके निदेशकों और संबंधित संस्थाओं के परिसरों पर तलाशी अभियान चल रहा है। महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।



## किसानों को व्हाट्सएप पर मिलेगा क्यूआर कोड आधारित जे-फॉर्म

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में अगले सप्ताह से सभी किसानों को व्हाट्सएप के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित जे-फॉर्म भेजे जाएंगे, ताकि किसानों को ऋण सहित अन्य प्रकार की सुविधा लेने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अगले सीजन से किसान एप भी लॉन्च किया जाएगा, जिसमें किसानों को जे-फॉर्म, भुगतान की स्थिति, भूमि बुवाई एवं उपज सत्यापन की स्थिति, गेट पास शेड्यूलिंग (अगली सरसों फसल से प्रारंभ), भूमि सत्यापन की स्थिति तथा सभी सूचनाएं 'किसान ई-खरीद एप' में उपलब्ध होंगी।

**■ ऋण सहित अन्य सुविधा लेने में नहीं होगी परेशानी**

## परफ्यूम की बोतल के कारण भड़की आग, 4 जिंदा जले

**नीमराना।** राजस्थान के नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) में अवैध कबाड़ गोदाम में आग लगने से 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें दो नाबालिग भी हैं। दावा किया जा रहा है कि हादसा परफ्यूम की बोतल से निकले केमिकल में आग लगने से हुआ। गोदाम में रखे केमिकल ड्रमों में भी ब्लास्ट हुए। घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है। पुलिस के अनुसार गोदाम कृषि भूमि पर बना हुआ है। जिसे कबाड़ का काम करने वाले करण सिंह पुत्र मामन सिंह कोलीला ने किराये पर ले रखा था। शुक्रवार शाम को मजदूर कबाड़ में मिली कुछ परफ्यूम की बोतलें तोड़ रहे थे। इसमें से स्पिरिट जैसा ज्वलनशील केमिकल निकल रहा था।

**■ नीमराना के अवैध कबाड़ गोदाम में हुए धमाके**

**आईपीएल में सबसे बड़ा टारगेट का पीछा किया**

## 264 रन बनाकर भी हार गई दिल्ली पंजाब ने 18.5 ओवर में जीता मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। दिल्ली के केएल राहुल ने नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए 220 रन की साझेदारी हुई। *(खेल पेज भी देखें)*

### एनगिडी को सिर में लगी चोट, कैच लेते वक्त गिरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले के दौरान एक गंभीर हादसा हो गया। दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कैच लेने की कोशिश में पीछे की ओर गिर पड़े और उनका सिर जोर से जमीन से टकराया। चोट इतनी गंभीर थी कि खेल करीब 15 मिनट तक रुका रहा। चोट के बाद मैदान पर एम्बुलेंस बुलाई गई। इसके बाद एनगिडी को स्ट्रेचर पर ले जाकर एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया और तुरंत अस्पताल रवाना किया गया। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें जल्द डिस्चार्ज किया जाएगा।


ग्राउंड में एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल ले जाया गया

## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर शीर्ष अदालत गंभीर, कार्य योजना पेश करने के निर्देश

# आईसीयू के लिए एक समान मानक हों, राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने हेतु सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें। शीर्ष अदालत की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं।



### योजनाएं वास्तविक और लागू होने योग्य हों

कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। अदालत ने कहा कि यह योजना जमीन पर लागू होने योग्य और वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए।

### नर्सिंग स्टाफ को मिले विशेष प्रशिक्षण

सुनवाई के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को आईसीयू परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, क्योंकि वही मरीजों के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि डॉक्टर समय-समय पर विजिट करते हैं। अदालत ने इस सुझाव को व्यावहारिक और जरूरी बताया।

### पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर प्राथमिकता दें

पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।

# जनता ने कांग्रेस का पोर्टल बंद कर दिया

## राजा नहीं, किसान का बेटा हूं खुद खेती की है : मुख्यमंत्री

## मंडियों में घूमने वाले विपक्षी नेताओं पर तंज, इनका झूठ सामने आ चुका

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को मीडिया से रूबरू हुए और विपक्ष, खासतौर पर कांग्रेस नेताओं पर अपने अंदाज में जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की स्थिति के बारे में भी कांग्रेस नेताओं को जनता को बताना चाहिए, जब किसानों को ट्रालियों में घंटों इंतजार करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता पोर्टल बंद करने की बात करते थे, लेकिन जनता ने ही उनका पोर्टल बंद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार में 24 घंटे फसल खरीद का काम किया जा रहा है। प्रश्न के जवाब में सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं राजा नहीं हूं बल्कि किसान व गरीब परिवार का बेटा हूं। खुद खेती की है, इसलिए किसानों के हर सुख-दुख और परेशानी को समझता हूं। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पहले मंडियों में खरीद के लिए कागजी पर्चियां बनाई जाती थीं और भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था। आज हरियाणा ऐसा राज्य है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोग अब सच्चाई समझ चुके हैं।

### राहुल पर भी साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लेते हुए कहा कि वे भी पोर्टल बंद करने की बात करते थे, लेकिन जनता ने उन्हें ही जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की है, जिसकी शुरुआत 2019 से की गई थी।

### कांग्रेस राज में कतारों में खड़ा रहना पड़ता था




नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए सैनी ने कहा कि उनके समय में किसानों को मंडियों में लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता था। उन्होंने कहा कि किसान फसल किसी भी साधन से लाए, सरकार खरीद सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग ट्वीट मास्टर बन गए हैं, जो ट्वीट करके गायब हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार मंडियों में आई फसल ने पिछले चार वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने हरियाणा के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए खरीद मानकों में राहत दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष पर तीखे और व्यंग्यात्मक अंदाज में निशाना साधते हुए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और किसानों के लिए नई योजनाओं की घोषणा भी की।

### विपक्षी जेब में हाथ डालकर घूम रहे, उनकी जेब भी फटी हुई

मुख्यमंत्री सैनी पूरे समय हल्के-फुल्के अंदाज में विपक्ष पर कटाक्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि जो लोग पोर्टल बंद करने निकले थे, आज वे जेब में हाथ डालकर घूम रहे हैं और उनकी जेब भी फटी हुई है। पंजाब की सियासी हलचल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां की जनता भी झूठे वादों से परेशान है। उन्होंने कहा कि लोग बदलाव चाहते हैं और वर्तमान हालात से असंतुष्ट हैं। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल के बाद उठान में तेजी आई है और प्रतिदिन करीब साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन गेहूं उठान हो रहा है। सरकार ने आढ़ती की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनका कमीशन 33 रुपये 75 पैसे प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। इसके अलावा इस वर्ष बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की फसल को प्रभावित किया है। लेकिन सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गुणवत्ता मानकों में राहत दी। पहले जहां चमक में कमी बिल्कुल स्वीकार नहीं थी, अब उसे 70 प्रतिशत तक स्वीकार किया गया है। टूटे और सिकुड़े दानों की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। यह निर्णय खरीद शुरू होने की तारीख से लागू किया गया, ताकि किसी भी किसान को नुकसान न हो।

### भगवंत सरकार ने पंजाब के लोगों को ठगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में आप पार्टी ने मतदाताओं को बड़े-बड़े वायदे और सब्जबाग दिखाए थे। इनमें किसानों का कर्जा माफ करना, युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना, पंजाब को नशे से मुक्त करना, महिलाओं को लाभ देने जैसे वायदे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशा बढ़ गया है और युवा नशे की गिरफ्त में हैं। उन्होंने कहा कि चुटकलों से जनता का पेट नहीं भरता, इसके लिए जनकल्याण के कार्य करने पड़ते हैं। जनता आप सरकार से तंग आ चुकी है।



## पंजाब की प्रसिद्ध मजीठ मंडी के सूखे मेवे अब सोनीपत में भी मिलेंगे, सरकार ने दी मंजूरी

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर से आए व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर प्रदेश में व्यापार विस्तार को लेकर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अमृतसर की प्रसिद्ध मजीठ मंडी के सूखे मेवे के थोक व्यापार को सोनीपत जिले में विस्तार देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए मंजूरी पत्र भी जारी किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश में निवेश करने वाले व्यापारियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को व्यापार और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनाना है।सीएम सैनी ने कहा कि अमृतसर से आए सभी व्यापारियों का हरियाणा में स्वागत है और सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों को बेहतर बुनियादी ढांचा, सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे वे आसानी से अपना कारोबार बढ़ा सकें।

### दिल्ली के बाजारों को भी मिल चुकी है मंजूरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि केवल अमृतसर ही नहीं, बल्कि दिल्ली के प्रमुख थोक बाजार खारी बावली और भगीरथ पैलेस के व्यापार को भी सोनीपत के राई क्षेत्र में विस्तार देने की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इससे हरियाणा में व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सरकार लगातार नई नीतियां और योजनाएं लागू कर रही है, ताकि देशभर के व्यापारी हरियाणा को अपने कारोबार के लिए पसंदीदा स्थान बना सकें।

## खबर संक्षेप

### 87 लाख की ठगी के आरोप में छह गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 87.60 लाख रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरजिंद्र सिंह, अभय सागर, प्रोत्खो जस्टीन, फुरकन इलियास, शोएब और पुनीत कुमार के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, यह गिरोह तीन अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से ठगी की रकम का लेन-देन कर रहा था। हरजिंद्र, अभय और प्रोत्खो पहले से ही एक अन्य साइबर मामले में दिल्ली जेल में बंद थे, जिन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की गई। वहीं अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।जांच में सामने आया कि अक्टूबर 2025 में सेक्टर-21 निवासी एक व्यक्ति को यूट्यूब विज्ञापन के जरिए व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर 2000 प्रतिशत मुनाफे का झांसा दिया गया।

### ठगी के आरोपियों की गिरफ्तारी करें पुलिस

**फरीदाबाद।** हरियाणा व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने डीसीपी एनआईटी से मिलकर एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर लाखों की ठगी करने वाली महिलाओं की गिरफ्तारी की मांग की। मंडल के जिलाध्यक्ष राम जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाया। डीसीपी ने आश्वासन दिया कि जल्द कार्रवाई होगी, वहीं व्यापारियों ने चेतावनी दी कि गिरफ्तारी न होने पर डीजीपी से शिकायत की जाएगी।

### हत्या के आरोपी बाप-बेटा दस साल बाद काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने 2012 के हत्या मामले में फरार चल रहे लाल सिंह और उसके बेटे कृष्ण उर्फ कारे को गिरफ्तार किया है। दोनों पलवल के गांव छपरौला के निवासी हैं और पिछले 10-12 वर्षों से फरार थे। पुलिस के अनुसार 21 जुलाई 2012 को बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी में बिजेंद्र सरपंच की गोली मारकर हत्या की गई थी। दोनों आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जमानत के बाद फरार हो गए। अदालत ने इन्हें उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

### अधिकारी बनकर 1.90 करोड़ की ठगी, काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने आरबीआई अधिकारी बनकर 1.90 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में खाताधारक रशनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार पीड़ित को कॉल कर पहले खुद को कंपनी कर्मचारी और बाद में आरबीआई अधिकारी बताकर खातों में जमा राशि ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। झांसे में आकर पीड़ित ने 1.90 करोड़ रुपये अलग-अलग खातों में भेज दिए। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपना बैंक खाता ठगों को उपलब्ध कराया था, जिसमें करीब 25 लाख रुपये ट्रांसफर हुए। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में बड़े खुलासा होने की उम्मीद है।

## सांसद रेखा शर्मा को पूर्व डिप्टी सीएम ने भेजा कानूनी नोटिस

**चंडीगढ़।** पंचकूला में एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल और उनके पुत्र, विधायक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन पर की गई कथित टिप्पणी के बाद विवाद गहरा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए चंद्रमोहन की ओर से सांसद को कानूनी नोटिस भेजा गया है पंचकूला में आयोजित चुनावी सभा में भजनलाल और चंद्रमोहन को लेकर विवादित टिप्पणी करने मामला अब तूल पकड़ चुका है। चंद्रमोहन के समर्थकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद चंद्रमोहन ने अपने वकील के माध्यम से रेखा शर्मा को नोटिस भेजकर सात दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की टिप्पणी न करने को भी कहा गया है।चंद्रमोहन ने कहा कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप सामान्य बात है, लेकिन लोकतंत्र में झूठे आरोप लगाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. भजनलाल तीन बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे और प्रदेश के विकास में उनका अहम योगदान रहा।

### चुनाव में जनता सरकार को जवाब देगी : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता हर स्तर पर परेशान है। एक ओर स्थानीय निकायों में लगातार सामने आ रहे घोटाले सरकार की कार्यप्रणाली पर



गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर आम लोगों को प्रॉपर्टी आईडी और फैमिली आईडी के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। एक तरफ भ्रष्टाचार पर चुप्पी और दूसरी तरफ आम जनता पर दबाव यह दोहरी नीति अब प्रदेश की जनता समझ चुकी है। जनता पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदार शासन चाहती है। अब समय आ गया है कि सरकार जवाब दे और जनता को राहत मिले। बयान में सांसद सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक से बड़ा एक घोटाला सामने आ चुका है, बिना मिलीभगत और संरक्षण के घोटाले संभव नहीं है। पंचकूला में सामने आया 159 करोड़ का घोटाला केवल एक उदाहरण है।

## कुरुक्षेत्र एनआईटी के संयुक्त रजिस्ट्रार निलंबित

■ केंद्रीय टीम के दौरे के एक दिन बाद एक्शन ■ दो माह में कई छात्रों के सुसाइड से संस्थान में हड़कंप

**कुरुक्षेत्र।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र में चल रहे विवाद के बीच संस्थान के संयुक्त रजिस्ट्रार ज्ञान रंजन सामंत्रे को निलंबित कर दिया गया है। खास बात यह है कि यह कार्रवाई केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की टीम के दौरे के ठीक अगले दिन की गई है। हालांकि, निलंबन के कारणों का आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनीत जोशी समेत पांच अधिकारियों की टीम ने हाल ही में संस्थान का दौरा किया था। टीम ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली, निर्णय प्रक्रिया और हाल के घटनाक्रम की समीक्षा की। बताया जा रहा है कि यह टीम एक छात्र की आत्महत्या के मामले की जांच के सिलसिले में भी संस्थान पहुंची थी। संस्थान में दो माह में कई छात्रों के सुसाइड से




संस्थान में हड़कंप मचा हुआ है।

### 29 मार्च से शुरू हुआ विवाद

इस पूरे मामले की शुरुआत 29 मार्च से मानी जा रही है, जब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने तत्काल प्रभाव से संस्थान के निदेशक प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी थी। इस निर्णय के बाद संस्थान में हलचल तेज हो गई थी।

### प्रो. ब्रह्मजीत को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

मंत्रालय के आदेश के बाद अगले ही दिन संस्थान में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया। प्रो. ब्रह्मजीत सिंह को कार्यकारी निदेशक का दायित्व सौंपा गया, जबकि प्रो. विनोद मित्तल को नया रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया। अब संयुक्त रजिस्ट्रार के निलंबन के बाद मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। फिलहाल प्रशासन की ओर से विस्तृत जानकारी सामने आने का इंतजार किया जा रहा है।

## बैंक घोटाले के पैसे से 200 करोड़ का सोना खरीदा गया : राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सामने आए 590 करोड़ रुपये के कथित बैंक घोटाले को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे भ्रष्टाचार और संस्थागत लूट का गंभीर उदाहरण बताया।

उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये के सोने की खरीद के खुलासे ने पूरे प्रकरण को और गंभीर बना दिया है। उनके अनुसार, जांच एजेंसियों और अदालत के समक्ष आए तथ्यों से संकेत मिलता है कि दोनों से जुड़े खातों के माध्यम से धन का दुरुपयोग हुआ और उसका एक हिस्सा सोना खरीदने में लगाया गया। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि फर्जी कंपनियों के जरिए इस सोने को सफेदपोश लोगों, भ्रष्ट अधिकारियों और विदेशों तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि बिना आधिकारिक मुहर, बिना डेबिट पर्ची, बिना चेक और केवल मौखिक आदेशों पर सरकारी खातों से निजी खातों में करोड़ों रुपये स्थानांतरित होना इस बात का संकेत है कि यह एक संगठित आर्थिक अपराध है। उन्होंने शिक्षा परियोजना और पंचायत विभाग के अधिकारियों पर हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे मामले की गंभीरता स्पष्ट होती है।

## सनातन संस्कृति को सशक्त बना रही सरकार : डॉ. अरविंद

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, चुनाव, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को मिलकर सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन, उनका आचरण और उनके आदर्श विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा गोवा में आयोजित सांस्कृतिक पुनर्स्थापना राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे, जबकि अधिवेशन का शुभारम्भ गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत द्वारा किया गया।

यह आयोजन गोवा सरकार और राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से संत, विद्वान एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सनानत संस्कृति पर मंथन किया गया।

## स्व-गणना प्रक्रिया में सहयोग करें : डीजीपी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने पत्नी सीमा सिंघल के साथ जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से डिजिटल माध्यम से अधिक से अधिक भागीदारी करने की अपील की। डीजीपी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से प्राप्त सटीक और अद्यतन आंकड़े नीति निर्माण, संसाधनों के बेहतर वितरण और विकास



योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्व-गणना सुविधा सरल, सुरक्षित और समय की बचत करने वाली है।

## स्कूलों में बच्चों को जीवन कौशल का भी प्रशिक्षण दें : वर्षा

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक वर्षा खांगवाल ने सरकारी विद्यालयों की जमीनी स्थिति का आकलन करने और विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-15 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यार्थियों के सामाजिक-भावनात्मक विकास, जीवन कौशल और



अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देना था। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने विभिन्न कक्षाओं का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए पठन-पाठन प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं से पाठ्यक्रम और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर छात्राओं ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। निदेशक ने विद्यालय की लाइब्रेरी, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता और शौचालयों की स्थिति का भी जायजा लिया।

## आप के झूठ का घड़ा फूट चुका : अनिल विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों द्वारा पार्टी छोड़ने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के झूठ का घड़ा फूट चुका है और उनका खेल खत्म हो गया है। विज ने कहा कि जब से यह पार्टी बनी है, तभी से वे इसके बारे में जो बातें कह रहे थे, वे अब सही साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्यों ने भी स्वीकार किया है कि पार्टी का सत्य और सिद्धांतों से कोई लेना-देना नहीं रहा, बल्कि यह गलत और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों में लिप्त रही है।पश्चिम बंगाल में हुई भारी मतदान प्रतिशत पर प्रतिक्रिया देते हुए विज ने कहा कि वह भाजपा की लहर चल रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 19.05.2026 को 15:00 बजे तक, 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 19.05.2026 को 15.00 बजे के बाद, Tender Notice No.: 03-TRD-BKN-ETender-2026-27, Name of work: Replacement of OHE assets due to corrosion to improve the reliability in Bhiwani-Mahheru section of Bikaner Division, Approx Cost of the work: ₹75,03,592.33, EMD/SD (Rupees): ₹1,50,100.00
597-PS/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# मलेरिया के 75% केस प्रवासी मजदूरों में मिले लेबर साइट पर अब हर माह होगी विशेष जांच

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया उन्मूलन की दिशा में तेजी लाने के लिए कई नई लक्षित पहल शुरू की हैं। इन पहलों में गांव और मोहल्ला स्तर पर सूक्ष्म निगरानी, संक्रमण के स्रोत का पता लगाना और उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष मॉनिटरिंग शामिल है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इन उपायों का उद्देश्य संक्रमण की शीघ्र पहचान कर समय पर प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि मलेरिया के प्रसार को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 75 प्रतिशत से अधिक नए मामले बाहरी राज्यों से आए मजदूरों से जुड़े पाए गए हैं।

इसे देखते हुए लेबर साइट्स पर हर महीने के पहले सोमवार को विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा, ताकि संवेदनशील समूहों में संक्रमण का समय रहते पता लगाया जा सके। नई रणनीति के तहत पिछले वर्ष जिन गांवों और शहरी क्षेत्रों में मलेरिया के मामले सामने आए थे, वहां विशेष सूक्ष्म योजना लागू की गई है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमें हर महीने घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं। अब तक 950 से अधिक दौरे किए जा चुके हैं, जिससे संभावित मामलों की पहचान सुनिश्चित हो सके।

स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि बुखार आने पर तुरंत जांच कराएं और पूरा उपचार लें। साथ ही निजी चिकित्सकों से भी संक्रामक रोग अधिनियम 1899 के तहत मलेरिया के मामलों की अनिवार्य सूचना देने को कहा गया है।विभाग ने स्पष्ट किया कि समय पर रिपोर्टिंग और जनभागीदारी से ही मलेरिया के प्रसार को रोका जा सकता है। लगातार निगरानी और सामूहिक प्रयासों के साथ हरियाणा मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### विशेष टीमों का गठन किया : डॉ. मिश्रा



विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक मलेरिया केस की गहन जांच की जाए। इसके लिए विशेष टीम गठित की गई है, जिसमें एक एपिडेमियोलॉजिस्ट भी शामिल होता है। इस वैज्ञानिक और डेटा-आधारित पद्धति से संक्रमण के स्रोत का समय रहते पता लगाकर उसके प्रसार को रोका जा रहा है।हरियाणा ने मलेरिया नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में 4,485 मामलों के मुकाबले 2025 में यह संख्या घटकर 202 रह गई है। हाल के वर्षों में मलेरिया से कोई मौत दर्ज नहीं हुई है। वर्ष 2025 में कुल 515 मामलों में से 202 राज्य के भीतर के थे, जबकि बाकी अन्य राज्यों से संबंधित थे। 31 मार्च 2026 तक केवल 8 मामले दर्ज हुए हैं, जो स्थिति के नियंत्रण में होने का संकेत है।



### जांच और निगरानी व्यवस्था लागू

राज्य में वर्ष 2025 के दौरान 36 लाख से अधिक परीक्षण किए गए। वार्षिक रक्त जांच दर 12.37 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो राष्ट्रीय स्तर से अधिक है, जबकि पॉजिटिविटी रेट मात्र 0.014 प्रतिशत रहा। फील्ड सर्वे के दौरान रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट को प्रमुख उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि संस्थागत स्तर पर माइक्रोस्कोपी को आधार बनाया गया है।

## गंगवा ने गोशालाओं को चेक वितरित किए

**चंडीगढ़।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार के गांव धांसू में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गोशालाओं को अनुदान राशि के चेक वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने धांसू गोशाला में लगभग 17 लाख रुपये की लागत के शेड का लोकार्पण भी किया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन नीति के तहत गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज गौशालाओं को 84 लाख 41 हजार 560 रुपये की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने गौशालाओं के बजट को बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये वार्षिक कर दिया है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82(2) (ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल पुत्र** शनिचर, **निवासः** गाँवः मनकी मठ, थानाः हथौरी, जिलाः मुजफ्फरपुर, बिहार एवं विशाल नगर, नये बस स्टेण्ड के पीछे की तरफ, रोहतक, हरियाणा ने **FIR No. 628/2019 दिनांक 01.12.2019 U/s 33/58 Delhi Excise Act., थानाः अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनिल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनिल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 628/2019 दिनांक 01.12.2019 U/s 33/58 Delhi Excise Act., थानाः अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
शगुन
जेएमएफसी (उत्तर पश्चिम), कमरा नं. 109
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5410/RD/2026
(Court Notice)

## खबर संक्षेप

### चालान न पेश करने पर थानेदार लाइन हाजिर

**इसराना।** जुवेनाइल कोर्ट ने अपने ही एक केश में समय पर चलान ना पेश करने के मामले में इसराना के थाना प्रभारी रहे महीपाल को लाइन भेज दिया है ओर उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है। वहीं इसराना थाना के नये थानेदार हरि राम ने कार्यभार संभाल लिया है। वहीं पानीपत एसपी भूपेंद्र सिंह ने इसराना थाना का दौरा किया ओर लम्बित मामलों अन्य के बारे में जानकारी हासिल की।

### रुपये हड़पने के मामले महेंद्र चावला को जेल

**पानीपत।** आसाराम बापू व इसके पुत्र नारायण साईं के केस के मुख्य गवाह रहे महेंद्र चावला को शनिवार को पुलिस ने पांच दिन का रिमांड पूरा होने पर अदालत में पेश किया। पुलिस का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने महेंद्र चावला न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दूसरी ओर, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि दो दिन के और रिमांड के दौरान महेंद्र चावला से ब्लैकमेल कर हड़पे गए 10 लाख रुपए और बरामद हुए हैं। जबकि महेंद्र का आरोपी भतीजा फरार है, इसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### अफीम तस्कर को दस साल का कारावास

**अंबाला।** एनडीपीएस की विशेष अदालत ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक मामले में सजा सुनाई। कोर्ट ने पप्पू साहनी को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की स्थिति में उसे दो साल की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। यह फैसला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश और विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार बंसल की अदालत ने सुनाया। 21 अक्तूबर 2022 को सदर पुलिस स्टेशन ने सूचना के आधार पर बिहार के सीतामढ़ी में गांव महिंदवारा वासी पप्पू साहनी को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो 600 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

### सील भवन पर बैंक के कर्जदार ने कब्जा किया

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस को दी शिकायत में आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी संदीप हंस ने बताया कि आरोपी राजेश कुमार और सह-कर्जदार रेखा ने बैंक से लोन लिया था, जिस पर 1.10 करोड़ रुपये से अधिक बकाया हो गया। भुगतान न होने पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश से 20 नवंबर 2025 को संपत्ति को सील कर बैंक ने कब्जा लिया था। 24 अप्रैल को राजेश कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर सील तोड़कर भवन पर अवैध कब्जा कर लिया और बैंक के ताले व सुरक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंचायत में खूनी संघर्ष दो को हिरासत में लिया

**हिसार।** बालसमंद क्षेत्र में घरेलू कलह सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत उस समय हिंसक झड़प में बदल गई, जब पंचायत सदस्यों और परिजनों के बीच कहासुनी हो गई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### समालखा बार के प्रधान पर जान लेवा हमला

**पानीपत।** पानीपत के गांव नन्हेड़ा में जमीनी विवाद में समालखा बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट अशोक कुमार और उनके दो भाइयों पहल सिंह व संसार सिंह पर हमला कर तीनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, बार के प्रधान अशोक ने थाना सनौली खुर्द को दी शिकायत में बताया कि वे, अपने भाई संसार सिंह व पहल सिंह के साथ गांव जलालपुर-बापौली रोड स्थित अपने खेतों में गए थे। यहां पर अनिल, जॉनी, सोनू, बिट्टू, सतपाल व इनके साथियों ने उन पर हमला बोल दिया और तेज धार हथियारों से प्रहार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। अशोक कुमार ने बताया कि हमलावर मारपीट करते हुए धमकी दे रहे थे कि यमुना पार वाले खेतों पर कानूनी कार्रवाई बंद कर दो, वरना जान से मार देंगे। आरोपी अनिल पहले भी धमकी दे चुका था।

---

चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने 408 विद्यार्थियों को डिग्रियां बांटी

# न्यायिक प्रणाली में हो एआई का प्रयोग, फैसलों में नहीं : सीजेआई

- ग्रामीण छात्रों में ज्यादा चुनौतियां मेहनत-लगन से सफलता तय
- कोर्ट में लंबित मामलों में सुधार जारी न्याय व्यवस्था और होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। दीक्षांत समारोह छात्रों को संबोधित करते मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि न्यायिक प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग लगातार बढ़ेगा, लेकिन न्यायिक फैसले एआई नहीं, बल्कि न्यायाधीश अपने विवेक, अनुभव और संवैधानिक मूल्यों के आधार पर ही सुनाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई एक सहायक उपकरण है, विकल्प नहीं। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग विशेष रूप से न्यायिक अनुसंधान, डेटा प्रबंधन, केस ट्रैकिंग और प्रक्रियात्मक देरी को कम करने में किया जा सकता है, जिससे न्याय प्रणाली और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनेगी। मुख्य न्यायाधीश शनिवार को भिवानी स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के प्रेमनगर परिसर में आयोजित 5वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, तकनीक और न्याय व्यवस्था के बदलते स्वरूप पर विस्तार से अपने विचार रखे। समारोह में यूजी एवं पीजी के 408 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही छात्राओं ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उल्लेखनीय है कि इस दीक्षांत समारोह में जस्टिस सूर्यकांत के साथ हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष भी मौजूद रहे।

### विद्यार्थी समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाएं

जस्टिस सूर्यकांत ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव नहीं है, बल्कि यह जीवन के एक नए चरण पेशेवर दुनिया में प्रवेश का संकेत है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने, सही निर्णय लेने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके सामने शहरी छात्रों की तुलना में अधिक चुनौतियां होती हैं। संसाधनों की कमी, अवसरों का अभाव और प्रतिस्पर्धा का दबाव इन सबके बावजूद यदि वे कड़ी मेहनत, लगन और निष्ठा से आगे बढ़ें, तो सफलता निश्चित है।

### तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग ही लाभकारी

एआई के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग ही उसे लाभकारी बनाता है। न्यायिक प्रणाली में एआई का इस्तेमाल सहायक के रूप में हो रहा है, लेकिन निर्णय प्रक्रिया में मानवीय संवेदनशीलता और न्यायिक विवेक की भूमिका सर्वोपरि रहेगी।उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे नई तकनीकों को अपनाएं, लेकिन उनके उपयोग में नैतिकता और जिम्मेदारी को हमेशा प्राथमिकता दें।जजों की कमी और लंबित मामलों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि स्थिति में अब लगातार सुधार हो रहा है। न्यायपालिका इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है और आने वाले समय में और बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

---

हरियाणा-राजस्थान में 20 मुकदमे, बिछोर थाने का कुख्यात रहीस

# नूंह में हिस्ट्रीशीटर का एनकाउंटर पैर में मारी गोली, सिपाही भी घायल

- घेराबंदी के बाद जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में लगी गोली
- मुठभेड़ में सीआईए का सिपाही गौतम भी जख्मी
- अवैध कट्टा बरामद, हमले सहित नए केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह


नूंह। गोली लगने के बाद घायल हिस्ट्रीशीटर बदमाश रहीस अस्पताल में उपचाराधीन। फोटो: हरिभूमि

जिले के पुन्हाना क्षेत्र के गांव नई में शुक्रवार तड़के अपराध जांच शाखा नूंह और अपराध जांच शाखा पुन्हाना की संयुक्त टीम ने वांछित हिस्ट्रीशीटर रहीस पुत्र सुमेर को पकड़ने के लिए दबिश दी। इस दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी रहीस घायल हो गया, जबकि एक पुलिसकर्मी भी जख्मी हुआ है।पुलिस के अनुसार सुबह करीब 3:25 बजे गांव नई स्थित एक कमरे में दबिश दी गई। टीम को देखते ही आरोपी रहीस ने अवैध देशी कट्टे से पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली सीआईए के सिपाही गौतम के पैर को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गए।पुलिस के मुताबिक आरोपी ने मौके से भागने के दौरान दोबारा भी फायरिंग की और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने की कोशिश की। हालांकि पुलिस टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी जारी रखी। कुछ दूरी पर एक प्लॉट में घिरने के बाद आरोपी ने फिर हथियार तानकर पुलिस टीम को धमकाया।पुलिस का कहना है कि आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए चेतावनी दी गई और हवाई फायर भी किया गया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में रहीस के दाहिने पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया और मौके पर ही काबू कर लिया गया। पुन्हाना के डीएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि घायल आरोपी को तुरंत सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुन्हाना ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नल्लहड़ मेडिकल कॉलेज, नूंह रेफर कर दिया गया। वहीं घायल सिपाही गौतम को भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटनास्थल से पुलिस ने एक अवैध देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी रहीस थाना बिछोर का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर लूट, डकैती, चोरी, अवैध हथियार रखने, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत करीब 20 मुकदमे दर्ज हैं। ये मामले हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न थानों में दर्ज बताए गए हैं। आरोपी के खिलाफ नया मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवक को गोली लगने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

स्थिति अभी स्पष्ट नहीं, घायल ने भी नहीं दिया बयान

- रात ढाई बजे की घटना अस्पताल और गांव में पहुंची पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव टांडाहेड़ी में युवक को गोली लगने की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी। युवक घायल जरूर हुआ है लेकिन उसे गोली लगी है या नहीं, ये अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल व गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटनाक्रम रात करीब ढाई बजे का बताया जा रहा है। दरअसल, गांव टांडाहेड़ी में एक परिवार बच्ची के जन्मदिन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में कई लोग आए हुए थे। चर्चा है कि रात करीब ढाई बजे अर्पित नाम का युवक एकाएक घायल हो गया। उसे बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक के पांव में गोली लगने की चर्चा चली तो सूचना पाकर पुलिस टीम अस्पताल और गांव में गई। घायल से पूछताछ की और उसके परिजनों से भी जानकारी जुटाने के प्रयास किए लेकिन शनिवार दोपहर तक गोली चलने या लगने की पुष्टि पुलिस ने नहीं की। पुलिस की मानें तो, पीड़ित युवक का तर्क है कि एकाएक उसे पीड़ा हुई लेकिन ये नहीं पता कि क्या लगा है। वहीं, अन्य लोगों ने कहा कि परिवार में किसी के पास हथियार नहीं है और न ही कार्यक्रम में ऐसा कोई शख्स आया, जिसके पास हथियार हो। बहरहाल, मामले में जांच और पूछताछ जारी है। अस्पताल में डॉक्टरों से भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। फिलहाल गन शॉट की ही चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। सदर थाना प्रभारी विकास कुमार का कहना है कि टांडाहेड़ी में मामले में जांच की जा रही है। जांच और साक्ष्यों जो कुछ सामने निकलकर आता है, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


डबवाली। घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

## डबवाली में कार में मिला एक्साइज इंस्पेक्टर का शव

- हार्ट अटैक की आशंका, हाइवे किनारे खड़ी कार में फ्रंट सीट के बीच फंसा मिला शव
- लुधियाना निवासी इंस्पेक्टर मोगा में थे तैनात, पोस्टमार्टम के बाद जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पंजाब के एक्साइज डिपार्टमेंट के इंस्पेक्टर का शव डबवाली के समीप कार में पड़ा मिला। यह कार डबवाली के पास अमृतसर-जामनगर भारतमाला रोड पर हाईवे किनारे खड़ी थी। मृतक इंस्पेक्टर की पहचान 45 वर्षीय करमजीत सिंह के रूप में हुई है, जो पंजाब से लुधियाना के रहने वाले थे। वर्तमान में मोगा में एक्साइज विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। राहगीरों ने शुक्रवार रात्रि करीब 12 बजे उनकी कार को डबवाली में कालांवाली पुल के पास सडक़ किनारे खड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी थी। डबवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मोबाइल नंबर, आईडी कार्ड के आधार पर पुलिस ने परिवार को सूचना दी। मौके पर मृतक इंस्पेक्टर फ्रंट की दोनों सीटों के बीच फंसे हुए थे। सीट बेल्ट पेट पर कसी हुई थी। पास में ही सरकारी पिस्टल भी पड़ी थी। शव को कार से निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां परिजन भी आ गए। शहर थाना पुलिस से एएसआई सुखदेव सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम नागरिक अस्पताल में किया गया। मृतक के जीजा प्रीतम सिंह ने पुलिस को बताया कि करमजीत सरकारी काम से जा रहा था, लेकिन रास्ते में शायद हार्ट अटैक की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस इस आधार पर जांच कर रही है।

---

दो महीने तक बनाया बंधक

## डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर दंपति से 1.89 करोड़ की ठगी

- फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर ठगों ने दी गिरफ्तारी और मनी लॉन्ड्रिंग की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा के सेक्टर-6 निवासी दंपति को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लगभग दो माह तक बंधक बनाए रखा। साइबर ठगों ने गिरफ्तारी का डर दिखाकर लगभग 1.89 करोड़ रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए। इस दौरान उन्हें किसी से बात तक नहीं करने के लिए धमकाया गया। संपर्क टूटने के कारण रिश्तेदारों ने अनिष्ट की आशंका को देखते हुए पीड़ित के घर आकर देखा, तो सारे मामले का खुलासा हुआ। रिश्तेदार उसे साइबर पुलिस स्टेशन ले गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। सेवानिवृत्त कर्मचारी राजपाल सिंह ने साइबर पुलिस को बताया कि 27 व 28 फरवरी को उसके फोन पर अनजान व्यक्ति के फोन आए। फोन करने वाले ने खुद को ट्राई सर्विस से बताते हुए कहा कि उसकी सिम बंद होने वाली है। उसकी आईडी से गलत ढंग से सिम खरीदी गई है। उसके खिलाफ मुंबई में एफआईआर दर्ज है। उसे बताया गया कि उसके नंबर से न्यूड फोटो और वीडियो भेजे जा रहे हैं। इसके बाद एक अन्य नंबर से आए फोन पर खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताने वाले शख्स ने कहा कि उसे डिजिटल अरेस्ट किया गया है। अगर वह बचना चाहता है, तो उसके बताए गए खाता नंबरों पर पैसे ट्रांसफर करने होंगे। शुरू में उसने कुछ रकम ट्रांसफर की, तो उसे मनी लार्डिंग के केस में फंसाने की धमकी देते हुए और पैसे ट्रांसफर करा लिए। उसे और उसकी पत्नी को घर से बाहर नहीं निकलने और किसी से संपर्क नहीं करने को कहा गया। 3 मार्च से 20 अप्रैल तक 1 करोड़ 89 लाख 28 हजार रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा दिए। एक एप डाउनलोड कराने के बाद निगरानी रखी गई, जिससे वह और उसकी पत्नी कमरे में बंधक बने रहे।

### दपति को डराया गया

राजपाल ने पुलिस शिकायत में बताया कि मोबाइल फोन पर एप डाउनलोड कराने के बाद उसे और उसकी पत्नी को ऑनलाइन पुलिसकर्मी, हथियार, कोर्ट, जज और फर्जी रसीद दिखाए गए। दोनों इस कदर परेशान हो गए कि उन्होंने आत्महत्या करने तक की तैयारी कर ली।

आधा घंटे तक दादा के साथ बैठा रहा, फिर उठाया कदम

## पानीपत: पेपर ठीक न होने पर छात्र ने पंखे से लटक कर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिले में इसराना थाना क्षेत्र के मांड़ी गांव में दसवीं के पेपर ठीक न होने से परेशान चल रहे 16 वर्षीय छात्र ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छात्र की पहचान गांव मांडी निवासी अक्षय कुमार ने आत्महत्या कर ली। उसने शनिवार सुबह घर पर पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। अक्षय की मां ने उसे कमरे में पंखे से लटका हुआ देखा और शोर मचाया।

जिसके बाद परिजनों ने तुरंत उसे एनसी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक अक्षय के पिता संदीप कुमार ने बताया कि अक्षय बुआना लाखु स्थित स्कूल का दसवीं कक्षा का छात्र था। उसने इसी वर्ष दसवीं के पेपर दिए थे। पेपर देने के बाद से वह गुमसुम रहता था और किसी से ज्यादा बात नहीं करता था। संदीप कुमार के अनुसार, शनिवार सुबह 10 बजे अक्षय आधे घंटे तक अपने दादा के साथ बैठक में बैठा रहा। इसके बाद वह घर आया, कमरे में गया और पंखे में रस्सी डालकर लटक गया।

---

नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बनाई राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान: कुलपति

2,175 विशेषज्ञों के सर्वे पर आधारित रैंकिंग

## कुवि की बड़ी उपलब्धि, एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में हरियाणा में पहला और देशभर में 19वां स्थान हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा जारी रैंकिंग में पूरे भारत में 19वां और हरियाणा में पहला स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय को यह प्रतिष्ठित सम्मान आज नई दिल्ली के होटल ग्रैंड में आयोजित भव्य समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह रैंकिंग देशभर के 2,175 शिक्षाविदों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और छात्रों के बीच किए गए व्यापक सर्वेक्षण पर आधारित है। विभिन्न शैक्षणिक मापदंडों के मूल्यांकन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में उभरकर सामने आया है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और उच्च स्तरीय अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा कि यह रैंकिंग विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि यह सम्मान संस्थान की शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का प्रमाण है।साथ ही, विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उसकी मूल भावना के अनुरूप लागू करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि वर्ष 1956 में स्थापित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के प्रतिष्ठित बहु-विषयक संस्थानों में से एक है। विश्वविद्यालय अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के साथ नवाचार और समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है तथा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### शिक्षकों-छात्रों की मेहनत का नतीजा



इस सफलता के लिए सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई दी और विश्वास जताया कि इस प्रकार की पहचान विश्वविद्यालय को वैश्विक शैक्षणिक मानकों को हासिल करने की नई प्रेरणा देगी। कुवि ने राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष विश्वविद्यालयों में 19वां स्थान प्राप्त किया है तथा राज्य में सर्वोच्च स्थान हासिल कर हरियाणा में अपनी अग्रणी स्थिति बरकरार रखी है। -प्रो. सोमनाथ सचदेवा कुलगुरु, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

## एमपी से पंजाब ले जाई जा रही नशे की खेप पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



पुलिस ने मध्यप्रदेश से पंजाब ले जाई जा रही नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। कालांवाली डीएसपी संदीप धनखड़ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांव आसाखेड़ा के पास भारतमाला रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें प्लास्टिक के थैलों में 52 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत करीब साढ़े सात लाख रुपये बताई गई है।पुलिस ने मौके से पंजाब के बठिंडा निवासी रिम्पी सिंह और अरविंदर सिंह को ट्रक सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे यह नशे की खेप मध्यप्रदेश से पंजाब सप्लाई करने जा रहे थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ डबवाली थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस नशा तस्करी के नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### आग से छठी मंजिल से 15 को बचाया



**जयपुर।** जयपुर के मुहाना थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक अपार्टमेंट में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। मुहाना मंडी के पास स्थित 'घर आंगन' नामक अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर करीब 2:15 बजे एक फ्लैट में आग लगी, इससे 15 लोगों को बचा लिया गया। आग इतनी तेजी से फैली कि 2 अन्य फ्लैट भी इसकी चपेट में आ गए।

### कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं : प्रियांक खरगे



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में फिर नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के दिल्ली दौरे को लेकर बयानबाजी शुरू हो गई है। कैबिनेट मंत्री प्रियांक खरगे ने सरकार का रुख स्पष्ट किया है। प्रियांक ने अटकलों को खारिज कर दिया, जिनमें राज्य नेतृत्व परिवर्तन की बात थी।

### शामली में सड़क पर मिले चार लाख रुपये, मालिक को लौटाए

**मुजफ्फरनगर/शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में मेरठ-करनाल राजमार्ग पर मिले चार लाख रुपये की नकदी को पुलिस ने सत्यापन के बाद उसके वास्तविक मालिक को लौटा दिया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को कबरौत गांव के पास एक ग्रामीण ने सड़क पर नोट बिखरे होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नकदी बरामद कर उसे मालखाने में जमा करा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि बरामद राशि में 500 रुपये के छह बंडल, 200 रुपये के चार बंडल और 100 रुपये के दो बंडल शामिल थे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पार्टी छोड़ने पर पंजाब में फूटा आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा

# सांसद हरभजन और राजेंद्र के घर की दीवारों पर लिख दिया गद्दार, कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करके अर्थी यात्रा निकाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ जालंधर

आम आदमी पार्टी के 7सांसदों के भाजपा में जाने के बाद पंजाब में आप कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। जालंधर में कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह के प्रति अपना रोष व्यक्त करते हुए उनके आवास की दीवारों पर गद्दार लिख दिया। वहीं लुधियाना में आम आदमी को छोड़कर भाजपा में गए सांसद राजेंद्र गुप्ता के ऑफिस की दीवार पर पंजाब के गद्दार लिखा गया। आप पार्टी के नेता व कार्यकर्ता डॉ. अशोक कुमार मित्तल के भाजपा में शामिल होने से उनकी लवली यूनिवर्सिटी के बाहर धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हरभजन सिंह के घर के बाहर प्रदर्शन किया, बाद में भज्जी का पुतला बनाकर आप कार्यकर्ताओं ने अर्थी यात्रा निकाली। यही नहीं काली पट्टी बांधकर सड़क पर नारे भी लगाए।

> इस समय पंजाब में हलचल है। आप के नेता व कार्यकर्ताओं डॉ. अशोक मित्तल के भाजपा में शामिल होने से उनकी लवली यूनिवर्सिटी के बाहर धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने हरभजन के घर के बाहर भी प्रदर्शन किया

### आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के भाजपा में जाने से बढ़ा बवाल

जालंधर में कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह के प्रति अपना रोष व्यक्त किया और गुस्सा उतारा




#### पंजाब की जनता के भरोसे को तोड़ दिया

आपकी पंजाब ईकाई ने एक्स पर विरोध प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया। एक्स पर लिखा- राज्यसभा के जिन गद्दार सदस्यों ने भाजपा का दामन थामा है, उन्होंने पंजाब की जनता के भरोसे को तोड़ा है। शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा मिलकर आम आदमी पार्टी को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। आपएक जन-आंदोलन है, जिसके आगे कोई टिक नहीं सकता।

### बागियों को सबक सिखाने की ठानी

### सीएम मान अपने विधायकों संग करेंगे राष्ट्रपति से मुलाकात,मांगा समय



आपके 7 राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने के बाद से आप में भूचाल आ गया है। अब पार्टी हर वह कदम उठाने को तैयार है जिससे सात सांसदों की सदस्यता रद की जा सके। पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का समय मांगा है। मान पंजाब के विधायकों के साथ राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। भाजपा में शामिल हुए पंजाब के राज्यसभा मेंबरों को रिकॉल करने के लिए भगवंत मान अपना पक्ष रखेंगे। मान उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग रखेंगे।

**सदस्यता खत्म करें**

### स्वाति का आप से इस्तीफा

## मैं पीएम मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करके भाजपा में आई



राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक इंटरव्यू में आप और अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला है। स्वातिने कहा कि मैंने आप छोड़ दी है और भाजपा में शामिल हो गई हूं। मालीवाल ने प्रधानमंत्री को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। मोदी और शाह ने देश के विकास के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

#### 2 रुपए की कलम रखने वाले केजरीवाल ने कई 'शीशमहल' बनाए, पंजाब सरकार 'प्राइवेट एटीएम'

मालीवाल ने कहा कि केजरीवाल ने एक समय खुद को 'आम आदमी' के रूप में पेश किया था, लेकिन तब से बहुत कुछ बदल गया है। उन्होंने कहा,एक वक्त था जब वह 2 रुपए की कलम रखते थे और सादे कपड़े पहनते थे। आज उनका रुतबा ही बदल गया है।

### चड्ढा का आप पर बड़ा अटैक

### शीश महल ने डुबोई लुटिया, अब 'पार्ट टू'



राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आप पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में 'शीश महल पार्ट टू' सामने आ गया है। कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। यदि दिल्ली चुनावों में आप की हार का कोई एक बड़ा कारण था, तो वह 'शीश महल' ही था। दिल्ली चुनाव खत्म हुए अभी एक साल भी नहीं बीता है कि 'शीश महल पार्ट टू' सामने आ गया है।

#### 12 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स ने अनफॉलो किया

चड्ढा भाजपा में शामिल हुए हैं, उनकी लोकप्रियता को जबरदस्त झटका लगा है। इंस्टाग्राम में 24 घंटे में उनके फॉलोअर्स की संख्या 12 लाख से भी कम हो गई है।

### आतिशी ने आरोपों को नकारा



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री एवं आप नेता आतिशी ने तस्वीरों को झूठा करार दिया है। उन्होंने एक्स पर लिखा - भाजपा के मंत्री परवेश ने पूरी मीडिया को बुलाकर अरविंद केजरीवाल के तथाकथित नए घर की तस्वीरें दिखाई। लेकिन मजे की बात ये है कि ये तस्वीरें केजरीवाल के घर की नहीं, बल्कि 'पिनरेस्ट' से डाउनलोड की गई हैं।

### दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने किया हमला

### भाजपा ने जारी की केजरीवाल के नए बंगले की तस्वीर



भाजपा नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक बार फिर अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला है। वर्मा ने केजरीवाल की तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली के बाद अब पंजाब में भी दूसरा शीशमहल बना लिया है। वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल पंजाब चले गए।

### हवाई सफर भी जंग की चपेट में

## 25% से ज्यादा महंगे हुए एयर टिकट, 'फ्यूल सरचार्ज' लागू

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव का असर अब भारत के आम नागरिकों की जेब पर भी साफ दिखाई देने लगा है। इस वैश्विक तनाव ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतें बढ़ा दी हैं। इसका सीधा असर हवाई किरायों पर पड़ रहा है। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस ने लागत बढ़ने के चलते 'फ्यूल सरचार्ज' लागू कर दिया है। इसके बाद से ही मध्य प्रदेश सहित देशभर में फ्लाइट टिकट 15 से 20% तक महंगे हो गए हैं। इंदौर से चलने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स के किराए में औसतन 20% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ रूट्स पर यह और ज्यादा है। उदाहरण के तौर पर इंदौर से मुंबई का किराया 4500 रुपए से बढ़कर करीब 6500 रुपए तक पहुंच गया है। कोलकाता जाने वाला किराया सबसे ज्यादा बढ़ा है। जहां पहले टिकट 6500-7500 रुपए में मिल जाता था, वहीं अब 8500 से 12,000 रुपए तक पहुंच गया है।

### अमेरिकी संसद में नया सख्त बिल हुआ पेश

## संकट: एच-1बी वीजा पर 3 साल के लिए लगेगी रोक!

इमिग्रेशन विशेषज्ञों बोले : अब तक का सबसे सख्त बिल

> 65 से घटाकर 25 हजार वीजा देने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में रिपब्लिकन सांसदों के एक समूह ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बड़ा बदलाव कर तीन साल का प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से एच-1बी वीजा एब्यूज एक्ट 2026 पेश किया है। सांसद एली क्रेन द्वारा पेश किए गए इस बिल का मुख्य तर्क यह है कि वर्तमान वीजा व्यवस्था अमेरिकी कामगारों के हितों को नुकसान पहुंचाकर बड़ी कंपनियों के मुनाफे को बढ़ावा दे रही है। इस प्रस्ताव को ब्रैंडन गिल और पॉल गोसर जैसे प्रमुख रिपब्लिकन सांसदों का समर्थन प्राप्त है, जिनका मानना है कि इस प्रणाली का उपयोग सस्ते विदेशी श्रमिकों को लाने के लिए किया जा रहा है।

प्रस्तावित बिल में एच-1बी वीजा की वार्षिक संख्या को 65,000 से घटाकर मात्र 25,000 करने, लॉटरी सिस्टम को खत्म कर न्यूनतम वेतन सीमा को 2 लाख डॉलर सालाना करने और सभी प्रकार की छूटों को समाप्त करने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा, बिल में बेहद सख्त प्रावधान किए गए हैं, जैसे वीजा धारकों द्वारा परिवार को साथ लाने पर रोक, ओपीटी कार्यक्रम की समाप्ति और ग्रीन कार्ड के रास्ते को बंद करना। नियोक्ताओं के लिए यह साबित करना अनिवार्य होगा कि उन्हें कोई योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिला है। इमिग्रेशन विशेषज्ञों ने इसे अब तक का सबसे सख्त बिल करार दिया है। चूंकि भारतीय पेशेवर इस वीजा के सबसे बड़े लाभार्थी रहे हैं, इसलिए इस कानून के पारित होने पर भारतीय आईटी क्षेत्र और विशेषज्ञों पर इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट में पुलिस ने दी सफाई

## रिश्वत के जब्त किए गए 4 हजार रुपये निगल गए चूहे

**नई दिल्ली।** अदालतों में अक्सर अजीबोगरीब दलीलें सामने आती हैं, लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के सामने एक ऐसा मामला आया जिसने जजों को भी हैरान कर दिया। यह मामला बिहार से जुड़ा है, जहां भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्य साक्ष्य यानी रिश्वत की रकम के बारे में पुलिस ने दावा किया कि उसे मालखाने में चूहों ने कुतर डाला। साक्ष्यों के इस तरह नष्ट होने और मामले की कानूनी बारीकियों को देखते हुए, शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई एक महिला अधिकारी को जमानत दे दी है। मामला बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत अरुणा कुमारी से संबंधित है, जिन्हें 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में पटना उच्च न्यायालय ने सजा सुनाई थी। जब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तो राज्य पुलिस की एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई। सुनवाई के दौरान बताया गया कि जब्त किए गए नोटों को पुलिस के मालखाने में रखा गया था, लेकिन जब उन्हें कोर्ट में पेश करने की बारी आई, तो पता चला कि चूहों ने उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है। इस पर न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने सख्त नाराजगी जताई।

### मंदिर में लूटपाट की कोशिश सुरक्षा गार्ड को मार डाला

**रांची।** रांची के एक मंदिर में तैनात 60 वर्षीय सुरक्षा गार्ड की लूटपाट के प्रयास के दौरान पत्थर से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना बृहस्पतिवार देर रात धुर्वा स्मार्ट सिटी क्षेत्र स्थित जगन्नाथ मंदिर में हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने बताया, ''शुक्रवार को सुरक्षा गार्ड की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**सार्वजनिक सूचना**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला नाहड़ स्कूल कोड-16752 जिला रेवाड़ी की जर्जर भवन की नीलामी हेतु योग्य एवं रजिस्टर्ड निवेदक बोली दाता को दिनांक 04.05.2026 को प्रातः 10 बजे उपरोक्त स्कूल प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित दरों की 25 प्रतिशत सिक्योरिटी राशि उसी दिन नगद, चैक या डीडी के माध्यम से जमा करवानी होगी व जर्जर भवन को निर्धारित समय सीमा में तोड़ना होगा।

निवेदक- SMC GPS Nahar-16752
Block Nahar, Distt. Rewari (HR)
Ph. No. 9306651157

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। नौकरी या व्यवसाय में कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है जो भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा।

**वृष** — घरेलू जीवन सुखमय रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ छोटी-मोटी बात पर संवाद जरूरी है। नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**मिथुन** — आज बौद्धिक कार्यों में आपका दिमाग तेज चलेगा। कम्युनिकेशन स्किल्स का पूरा फायदा उठाएँ। नौकरी में प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने के योग हैं।

**कर्क** — परिवार और माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन जल्दबाजी से बचें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।

**सिंह** — आज आत्मविश्वास चरम पर रहेगा। नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करने का अच्छा दिन है। कार्यक्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।

**कन्या** — आज व्यवस्था और अनुशासन आपकी सफलता का आधार बनेगा। नौकरी या व्यापार में बाधाएँ दूर होंगी।छात्रों को पढ़ाई में एकाग्रता मिलेगी।

**तुला** — आज रिश्तों और साझेदारी पर जोर रहेगा। जीवनसाथी या पार्टनर का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में टीम वर्क से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज गहन चिंतन और रहस्यमयी ऊर्जा आपको घेरेगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें, खासकर कमर और जोड़ों का।

**धनु** — आज साहस और उत्साह से भरा दिन रहेगा। लंबी यात्रा या नया प्रोजेक्ट शुरू करने का शुभ समय है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों में रोमांस बढ़ेगा।

**मकर** — आर्थिक मामलों में सुधार होगा। परिवार में माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा है, लक्ष्य स्पष्ट रखें। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।


**कुंभ** — कार्यक्षेत्र में बदलाव फायदेमंद साबित होगा। आर्थिक लाभ के योग हैं। परिवार के साथ समय बिताना सुखद रहेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाए रखें।

**मीन** — कलात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन नींद पूरी लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे। कार्यक्षेत्र में पुरानी समस्याएँ हल होंगी।

### आईआईटी के प्रोफेसर राव ने विकसित की तकनीक

# समय से पहले एआई बता देगा हार्टअटैक का खतरा

एजेंसी ▶▶ धनबाद





एसीएस राव

भागमभाग के दौर में हृदय रोग एक बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं लेकिन झारखंड के आईआईटी धनबाद के वैज्ञानिकों ने इस दिशा में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर ए.सी.एस. राव ने इकोपल्स नामक एक क्रांतिकारी तकनीक विकसित की है। यह तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) का ऐसा संगम है जो दिल की बीमारियों की जांच को न केवल तेज बनाएगा बल्कि उसे और भी अधिक सटीक और पारदर्शी बना देगा। यह बिना किसी पूर्व डेटा के भी हृदय की पंपिंग क्षमता और छिपे हुए पैटर्न्स को तुरंत पकड़ लेती है। इसके जरिए डॉक्टर दिल की धड़कनों को वर्चुअल रियलिटी में 3डी रूप में देख सकेंगे जिससे बीमारी की गहराई को समझना आसान हो जाएगा। भारत जैसे विशाल देश में जहां ग्रामीण इलाकों में विशेषज्ञों की भारी कमी है वहां यह तकनीक किसी वरदान से कम नहीं है। ईकोपल्स की मदद से दूरदराज के क्षेत्रों में तैनात सामान्य डॉक्टर भी विशेषज्ञ स्तर की जांच कर सकेंगे। यह तकनीक जटिल मेडिकल डेटा को इतना सरल बना देती है कि कोई भी स्वास्थ्यकर्मी जीवनरक्षक निर्णय तुरंत ले सकता है। प्रोफेसर राव के इस नवाचार की महत्ता को देखते हुए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन ने इस प्रोजेक्ट के लिए 47 लाख रुपये की फंडिंग मंजूर की है। प्रोफेसर राव का मुख्य उद्देश्य मेडिकल इमेजिंग को डॉक्टर-फ्रेंडली बनाना है ताकि इलाज की प्रक्रिया पारदर्शी हो सके। यह इनोवेशन न केवल भारत में हृदय रोगों के बोझ को कम करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी चिकित्सा जगत में भारत का मान बढ़ाएगा।

#### कैसे काम करती है ईकोपल्स तकनीक

आमतौर पर ईकोकार्डियोग्राफी की रिपोर्ट्स को समझना और उनका विश्लेषण करना काफी जटिल होता है। ईकोपल्स तकनीक इस डेटा का स्वचालित तरीके से विश्लेषण करती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका स्व-निरीक्षित लर्निंग मॉडल है।

**इंडियन ओवरसीज़ बैंक**
क्षेत्रीय कार्यालय, एनसीआर दिल्ली
एनएचपीसी कॉम्पलेक्स सेक्टर –33
फरीदाबाद, हरियाणा – 121003
फोन: 0129–2259544

**बैंक को कार्यालय स्थान की आवश्यकता है**

इंडियन ओवरसीज़ बैंक को रोहतक शाखा को स्थानांतरित करने लिए कार्यालय स्थान – 1200 वर्ग फिट (±10%) कार्पेट एरिया की आवश्यकता है, अधिमानतः भूतल पर और एक किमी के भीतर।


यह प्रस्ताव उन परिसर के मालिकों से आमंत्रित किया जाता है, जिनके पास स्पष्ट और विपणन योग्य शीर्षक है, जिसमें उचित पार्किंग, पानी और बिजली की सुविधा है और जो अपने-अपने क्षेत्रों में नागरिक अधिकारियों के मानदंडों की पुष्टि करते हैं।

यह प्रस्ताव दो बोली (तकनीकी बोली और वित्तीय बोली अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में) के तहत मुख्य प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज़ बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, एनएचपीसी कॉम्पलेक्स पहली और दूसरी मंजिल, पहली बिल्डिंग (मुख्य द्वार के पास), सेक्टर–33 फरीदाबाद– 121003 को **17.05.2026 को शाम 05 बजे तक** या उससे पहले तक पहुंचाना है। (बोली केवल मकान मालिक/मकान मालकिन या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक द्वारा प्रस्तुत की जानी है)। एक संपत्ति के लिए केवल एक बोली प्रस्तुत की जानी है। एक ही संपत्ति की कई बोलियाँ और तीसरे पक्ष द्वारा प्रस्तुत बोलियाँ अस्वीकार कर दी जाएगी। तकनीकी बोली (भाग–ए) और वित्तीय बोली (भाग–बी) का प्रारूप हमारे उपरोक्त कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या बैंक की वेबसाइट (टेंडर के अंतर्गत) www.iob.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी/ सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। कोई ब्रोकरेज देय नहीं हैं।

दिनांक : 26.04.2026 मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक

### शब्द पहेली - 6207




**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -6206 का हल





## खबर संक्षेप



### नीति आयोग के उपाध्यक्ष लाहिड़ी ने मोदी से मिले

**नई दिल्ली (भाषा)।** नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। लाहिड़ी को शुक्रवार को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही वैज्ञानिक गोवर्धन दास को नीति आयोग का सदस्य बनाया गया है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। वर्तमान में पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक लाहिड़ी, भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं। दास ने नीति आयोग का सदस्य नियुक्त किए जाने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

### प्रख्यात दार्शनिक मुनि नारायण का निधन

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** प्रख्यात दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु और नारायण गुरुकुल के प्रमुख मुनि नारायण प्रसाद का शनिवार तड़के निधन हो गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।



वरकला स्थित दार्शनिक और शैक्षणिक संस्था 'नारायण गुरुकुल' से जुड़े सूत्रों के अनुसार, प्रसाद ने यहां वेंजारामूडु के एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 87 साल के थे। 'नारायण गुरुकुल' समाज सुधारक संत नारायण गुरु की शिक्षाओं से प्रेरित है।

### केसीआर की बेटी ने नया दल 'टीआरएस' बनाया



**हैदराबाद (भाषा)।** तेलंगाना जागृति संगठन की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने शनिवार को 'तेलंगाना राष्ट्र सेना' (टीआरएस) नामक नए राजनीतिक दल की शुरुआत की। कविता ने हैदराबाद के बाहरी इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी पार्टी के नाम और एजेंडा की घोषणा करते हुए सत्तारूढ़ कांग्रेस, भाजपा)और बीआरएस पर तीखा हमला किया तथा अपने पिता को एक "बदला हुआ व्यक्ति" बताया जिनमें कोई "संवेदना" नहीं है।

### श्रीनगर: तस्करों की 3.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को श्रीनगर में मादक पदार्थ तस्करों से जुड़े साढ़े तीन करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस अभियान और नशा मुक्त जम्मू कश्मीर अभियान के तहत की गई। संगम पुलिस थाने ने एनडीपीएस के तहत मामले के दो आरोपियों से जुड़ी दो अचल संपत्तियां कुर्क की।

---

### उप्र को मिलेगा सबसे लंबा एक्सप्रेसवे, 12 जिलों को जोड़ेगा

# गंगा एक्सप्रेसवे का मोदी 29 अप्रैल को करेंगे उद्घाटन

मेरठ से बलिया तक बने गंगा एक्सप्रेसवे की सुरक्षा के लिए 12 जिलों के 52 थानों को जिम्मेदारी दी गई है। उद्घाटन से पहले तीन दिन यातायात बंद रहेगा। पुलिस गश्त, टोल सुरक्षा, अग्निशमन तैनाती और दुर्घटना रोकथाम के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है।

भाषा ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अंतिम चरण में पहुंच गई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई से देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। यह उप्र का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे देश की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में शामिल है।

**यह एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा**




- ♦**पहला पैकेज** 129.70 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे है, जिसकी लागत 9,000 करोड़ रुपये से अधिक है।
- ♦**दूसरा पैकेज** 151.70 किमी का है और इसकी लागत भी करीब 9,000 करोड़ है।
- ♦**तीसरा पैकेज** 155.70 किमी लंबा है, जिसकी लागत लगभग 9,000 करोड़ है।
- ♦**चौथा** और सबसे लंबा पैकेज 156.847 किलोमीटर का है, जिसकी लागत करीब 9,500 करोड़ रुपये है।

**लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार**

लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने चार प्रमुख पैकेज में विभाजित कर तेजी से पूरा कराया है। इस परियोजना को 'मल्टी-पैकेज' मॉडल के तहत क्रियान्वित किया गया, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सका। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की सख्त निगरानी में इसे चार हिस्सों में बांटकर अलग-अलग एजेंसियों से समानांतर रूप से कार्य कराया गया।

### गंगा एक्सप्रेसवे केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा

यूपीडा ने डिजाइन, निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण के सभी स्तरों पर कड़ी निगरानी रखी। नियमित समीक्षा और जमीनी स्तर पर निगरानी के चलते सभी पैकेज निर्धारित समयसीमा के अनुरूप आगे बढ़े। बयान में कहा गया कि गंगा एक्सप्रेसवे केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक आर्थिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देंगे। एक्सप्रेसवे पश्चिमी उप्र को पूर्वी हिस्सों से जोड़ेगा, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी। साथ ही लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, उद्योगों को बेहतर संपर्क मिलेगा और निवेश के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना उप्र को मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

---

### केंद्रीय मंत्री ने सीएए के विरोध को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधा

# बंगाल चुनाव के पहले चरण में भाजपा110 सीटें जीत रही: शाह

भाषा ▸▸ जमालपुर/श्यामपुर

पश्चिम बंगाल की 294-विधानसभा सीटों में से 152 सीटों पर 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान हुआ और 92 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। दूसरे चरण में 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा नेता ने कहा कि दीदी सीएए कानून को लागू नहीं होने दे रही हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ही अपनी जीत सुनिश्चित कर ली है, और पार्टी 23 अप्रैल को हुए मतदान में 152 में से 110 सीट पर जीत दर्ज करेगी। शाह ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को, विशेष रूप से मतुआ समुदाय के लिए, शीघ्रता से लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा महिलाओं के लिए "भय-मुक्त" बंगाल का निर्माण करेगी। पूर्वी वर्धमान जिले के जमालपुर और हावड़ा के श्यामपुर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए, शाह ने भाजपा के चुनावी अभियान को बंगाल के तीन प्रमुख मुद्दों - मतुआ समुदाय के लिए सीएए सुनिश्चित करने, महिलाओं की सुरक्षा और बांग्लादेश से कथित घुसपैठ के खिलाफ लड़ाई - के इर्द-गिर्द केंद्रित किया। शाह ने सीएए के विरोध को लेकर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा और उनकी सरकार पर मतुआ समुदाय के सदस्यों को नागरिकता के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया।



### मतुआ समुदाय को डर में जीने की जरूरत नहीं

भाजपा नेता ने कहा कि दीदी सीएए कानून को लागू नहीं होने दे रही हैं। आप कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) की सरकार बनाइए, और पांच मई के बाद भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि मतुआ समुदाय के हर भाई-बहन को नागरिकता मिले।" बांग्लादेश से संबंध रखने वाले राजनीतिक रूप से प्रभावशाली शरणार्थी समुदाय का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि मतुआ लोगों को भाजपा सरकार के तहत अब अनिश्चितता में नहीं रहना पड़ेगा। मतुआ समुदाय के लोगों को अब डर में जीने की जरूरत नहीं है। भाजपा नेता ने घुसपैठ को बेरोजगारी और संसाधनों की कमी से भी जोड़ा और तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर चुनावी लाभ के लिए अवैध घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि बंगाल में घुसपैठिए हमारे युवाओं की नौकरियां और गरीबों का राशन छीन रहे हैं।

### बंगाल चुनाव से हर भारतीय का हित जुड़ा है क्योंकि घुसपैठिए अन्य राज्यों में भी फैल रहे: हिमंत

**कोलकाता (भाषा)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि बंगाल चुनाव में हर भारतीय का हित जुड़ा हुआ है क्योंकि



बांग्लादेशी घुसपैठिए न केवल राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तन ला रहे हैं बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी फैल रहे हैं। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी असम की 126 सीट में से 100 से अधिक सीट जीतेगी और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव में जिन 152 सीट पर मतदान हुआ है, उनमें से 110 सीट जीतेगी। उन्होंने कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा का 200 से अधिक सीट जीतना आश्चर्यजनक नहीं होगा। पहले चरण में 93 प्रतिशत मतदान से पता चलता है कि अब भय का माहौल नहीं है।

## ममता गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं, मोदी पूरे देश में यही कर रहे: राहुल



एजेंसी ▸▸ श्रीरामपुर (पश्चिम बंगाल)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ही श्रेणी में रखने का प्रयास करते हुए दोनों पर सत्ता के लालच में गरीबों के बजाय अमीरों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी "स्वयं को 'देशभक्त' कहते हैं, लेकिन वह देश को बेच रहे हैं।' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गरीबों के बजाय अमीरों की मदद कर रही हैं, वहीं मोदी पूरे देश में यही कर रहे हैं...दोनों का रोजगार के अवसर पैदा करने से कोई लेना-देना नहीं है। दोनों को सत्ता चाहिए, लेकिन जनता के लिए काम नहीं करते।"

### लोस में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया, 'प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, लोगों में नफरत और डर फैलाते हैं।" गांधी ने दावा किया कि देश दो विचारधाराओं के बीच टकराव देख रहा है। कांग्रेस की एकता और भाईचारे की विचारधारा है, तथा दूसरी ओर भाजपा और आरएसएस की नफरत एवं हिंसा है।" उन्होंने प्रधानमंत्री पर नोटबंदी व जीएसटी को 'गलत तरीके से' लागू करके देश के छोटे उद्योगों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। बंगाल कभी देश का औद्योगिक केंद्र हुआ करता था, पहले वाम मोर्चे और फिर तृणमूल कांग्रेस ने सबकुछ बर्बाद कर दिया।"

### टाटा के जाने के 18 साल बाद बदहाल जमीन व राजनीतिक विरासत के बीच फंसा सिंगूर

**सिंगूर (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक रूप से सबसे संवेदनशील इलाकों में से एक सिंगूर में लोग जमीन खोदकर जंग लगी लोहे की छड़ें कबाड़ के रूप में बेचने के लिए ढूंढ रहे हैं, जो टाटा मोटर्स की परित्यक्त नैनो फैक्टरी के अवशेष हैं । टाटा मोटर्स ने 2008 में लगातार विरोध प्रदर्शनों के बीच यहां छोटी कारों का कारखाना स्थापित करने की योजना छोड़ दी थी। इस घटना से राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव आया था, जिससे वाम मोर्चा सत्ता से बेदखल हो गया और ममता बनर्जी सत्ता में आईं। अठारह साल बीत जाने के बाद भी, टाटा का वह फैसला आज भी सिंगूर को परेशान करता है, क्योंकि यह इलाका दो तरह की बर्बादी के बीच फंसा हुआ है-एक ऐसी कृषि भूमि जो अब पहले जैसा उत्पादन नहीं देती और एक ऐसी फैक्टरी, जो कभी बन ही नहीं पाई। 'मास्टरमोशाय' के नाम से मशहूर तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक रवींद्र भट्टाचार्य (93) ने कहा, "न तो कृषि का विकास हुआ, न ही उद्योग का।" भट्टाचार्य सिंगूर आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। वर्ष 2006 में, तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार ने टाटा की छोटी कार परियोजना के लिए यहां लगभग 1,000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया।



- अब लोग जमीन खोदकर जंग लगी लोहे की छड़ें कबाड़ के रूप में बेचने के लिए ढूंढ रहे

### ममता लगातार चौथी बार बंगाल की मुख्यमंत्री बनेंगी: तेजस्वी

**कोलकाता(भाषा)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने विश्वास जताया है कि ममता बनर्जी लगातार चौथी बार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनेंगी। तेजस्वी उत्तर 24 परगना जिले में सत्तारूढ़ दल के रोड शो में शामिल हुए। यादव शुक्रवार को यहां पहुंचे और जगद्दल, भाटपाड़ा तथा खड़दह विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो में शामिल हुए। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र के तहत भाटपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अमित गुप्ता और जगद्दल से तृणमूल उम्मीदवार सोमनाथ श्याम के समर्थन में उत्साह एवं जोश के साथ रोड शो किया।'



---

## पीडीएस घोटाला: कोलकाता बर्धमान में ईडी की छापेमारी

भाषा ▸▸ कोलकाता

- इस मामले में बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया गया था

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित पीडीएस घोटाला मामले में धन शोधन की जांच के तहत शनिवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता, बर्धमान और हाबरा में निरंजन चंद्र साहा समेत आपूर्तिकर्ताओं और निर्यातकों के लगभग नौ परिसरों पर तलाशी अभियान जारी है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इस मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। धन शोधन का यह मामला अक्टूबर 2020 में बसीरहाट पुलिस द्वारा घोजाडांगा स्थित सीमा शुल्क उपायुक्त (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) की शिकायत पर दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई है।

### सीएम आवास की ओर मार्च निकाल रहे थे, सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे

## मणिपुर में प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़े

बच्चों की मौत और जातीय हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोग

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर में स्थाई शांति की मांग कर रहे हजारों लोगों की शनिवार को पुलिस से झड़प हो गई। सभी सीएम आवास की ओर मार्च करने निकले थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले दागे।



### प्रदर्शनकारियों के समूह ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और तख्तियां थामे हुए बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए एक बम धमाके में मारे गए दो बच्चों के लिए न्याय और जातीय संघर्ष से प्रभावित आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के पुनर्वास की मांग की। प्रदर्शनकारियों के एक समूह को सीएम वाई. खेमचंद सिंह से मिलने की अनुमति दी गई।

## केदारनाथ हेली सेवा की सभी 31,450 सीट 90 मिनट में बुक

भाषा ▸▸ देहरादून

- शटल सेवा की 22 अप्रैल से 15 जून के बीच उपलब्ध रहेगी

केदारनाथ हेलीकॉप्टर शटल सेवा की 22 अप्रैल से 15 जून के बीच उपलब्ध सभी 31,450 सीट पोर्टल खुलने के महज 90 मिनट के भीतर बुक हो गईं। अधिकारियों के अनुसार, बुकिंग प्रक्रिया 15 अप्रैल को शाम छह बजे शुरू हुई और शाम सात बजकर 28 मिनट पर अंतिम टिकट जारी हुआ। इस दौरान भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के आधिकारिक पोर्टल पर कुल 10,855 टिकट बुक किए गए। हेलीकॉप्टर शटल सेवा श्रद्धालुओं को आधार शिविर से हिमालय के इस पवित्र धाम तक हवाई मार्ग से जोड़ती है। गुप्तकाशी, फाटा और सिरसी से संचालित होने वाली यह सेवा 16 किलोमीटर के दुर्गम पैदल मार्ग से राहत दिलाती है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के हेल्पलाइन नियंत्रण केंद्र ने प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए औचक रूप से 565 सत्यापन कॉल कीं। बुकिंग में उपयोग किए गए 10,859 मोबाइल फोन नंबर में से 4,400 नंबर वास्तविक यात्रियों के थे।

---

## हम खेड़ा के साथ खड़े हैं, न्याय की जीत होगी: जयराम रमेश

भाषा ▸▸ कोलकाता



- हाईकोर्ट ने पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की
- हाईकोर्ट के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे

कांग्रेस ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद शनिवार को कहा कि वह अपने मीडिया विभाग के प्रमुख के साथ खड़ी है और उम्मीद जताई कि "उत्पीड़न की राजनीति पर न्याय" की जीत होगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ₹पूरी कांग्रेस अपने मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के साथ मजबूती से एकजुट खड़ी है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने की प्रक्रिया चल रही है। हमें विश्वास है कि धमकी, डराने-धमकाने और उत्पीड़न की राजनीति पर न्याय की जीत होगी। गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह याचिका हिमंत विश्व की पत्नी पर कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां होने के आरोपों से जुड़े मामले में दायर की गई थी।

### संसद में नारी वंदन विधेयक पास न होने के बाद पार्टी बड़े बदलाव की तैयारी में

# भाजपा अध्यक्ष नवीन की टीम में 33 फीसदी महिलाएं होंगी

- संसदीय बोर्ड से सचिव स्तर तक यह फॉर्मूला लागू
- फिलहाल संसदीय बोर्ड में सिर्फ एक महिला सदस्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



**भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की तैयारी है। महासचिव, उपाध्यक्ष और सचिव जैसे अहम पदों पर महिलाओं को मौका मिल सकता है।**

संसद में नारी वंदन विधेयक पास न होने के बाद भाजपा विपक्ष पर हमला वर है। भाजपा ने अन्य दलों को महिला विरोधी बताने का रुख अपनाया हुआ है। ऐसे में संगठन के भीतर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी माना जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में अब 33 फीसदी महिला पदाधिकारी शामिल होंगी। यह फॉर्मूला संसदीय बोर्ड से लेकर सचिव स्तर तक लागू होगा। राज्यों में भी यही व्यवस्था अपनाई जाएगी। संगठन महासचिव की निगरानी में इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फिलहाल संसदीय बोर्ड में सिर्फ एक महिला सदस्य है। महासचिव स्तर पर कोई महिला नहीं है, जबकि उपाध्यक्ष और सचिव पदों पर भी संख्या कम है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महिलाओं की हिस्सेदारी 10 फीसदी से भी कम है।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी अब 100 से ज्यादा महिलाएं होंगी

अब भाजपा के तय फॉर्मूले के मुताबिक, 12 सदस्यीय संसदीय बोर्ड में 4 महिलाएं होंगी। 7 महासचिव पदों में से 2, 12 उपाध्यक्ष पदों में से 4 और 11 राष्ट्रीय सचिव पदों में से 3 महिलाओं को दिए जाएंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, इस बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 100 से ज्यादा महिलाओं को जगह मिलेगी। फिलहाल इसमें कुल ही 396 सदस्य हैं।

### सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में समिति बनी थी

2007 में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह ने संगठन में 33 प्रतिशत महिलाओं को जगह देने के लिए सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। तब यह सवाल उठा था कि 33 फीसदी हिस्सेदारी पदों के हिसाब से दी जाए या कुल पदाधिकारियों में महिलाओं की संख्या 33 फीसदी रखी जाए।

### 16 अप्रैल को 54 वोट से बिल गिरा था

लोकसभा में सीटें बढ़ाने के लिए लाया गया संविधान का 131वां संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई थी। इसमें संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था। लोकसभा में बिल पर 21 घंटे की चर्चा के बाद वोटिंग हुई थी। उपस्थित 528 सांसदों ने वोट डाले। पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े। बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बिल 54 वोट से गिर गया।

**भारत मजबूत घरेलू विकास के दम पर बेशक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, लेकिन इसमें कमजोरियां भी हैं। एक ओर अमेरिका-ईरान युद्ध ने उद्योगों में आपूर्ति बाधाओं, तेल और एलपीजी की आपूर्ति पर प्रतिबंध और कच्चे तेल व कच्चे माल की ऊंची कीमतों के कारण आयातित महंगाई का डर बढ़ा दिया है। वहीं, दूसरी ओर कमजोर मानसून के शुरुआती संकेत से खेती की लागत और उत्पादन दोनों पर खतरा बढ़ गया है। यदि कमजोर मानसून से फसल उत्पादन प्रभावित होता है तो खाद्य कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी होगी, जो महंगाई को और बढ़ा सकती है। स्वाभाविक है कि इससे देश के समूचे आर्थिक तंत्र और चक्र पर खराब असर पड़ेगा। मौसम विभाग ने इस साल मानसून के 'सामान्य से कम' यानी करीब 92 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। माना जा रहा है कि इससे अल नीनो की स्थिति उत्पन्न होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गिरावट आ सकती है। उर्वरकों की कमी इस स्थिति को और खराब कर सकती है, जिससे इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में खाद्य कीमतें, खासकर दालें, तिलहन और जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। कह सकते हैं कि यह समय कृषि मंत्रालय के लिए केवल नीति निर्धारण का नहीं, बल्कि त्वरित क्रियान्वयन का है।** ***इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# कमजोर मानसून व युद्ध के कॉकटेल से बढ़ा खतरा



**विश्लेषण**

सेंट्रल डेस्क

मजबूत घरेलू विकास के दम पर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें कमजोरियां नहीं हैं। अमेरिका-ईरान युद्ध ने उद्योगों में आपूर्ति बाधाओं, तेल और एलपीजी की आपूर्ति पर प्रतिबंध और कच्चे तेल व कच्चे माल की ऊंची कीमतों के कारण आयातित महंगाई का डर बढ़ा दिया है।

इसके बावजूद अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत की घरेलू खपत की कहानी अभी भी मजबूत बनी हुई है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इस वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5% कर दिया है, जबकि अधिकांश अन्य अर्थव्यवस्थाओं के अनुमान घटाए गए हैं। हालांकि भारत के सामने एक नया खतरा सामान्य से कम मानसून का भी है। सवाल यह है कि क्या इससे महंगाई और बढ़ेगी और भारत की विकास गति पर असर पड़ेगा? भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अल नीनो जैसी स्थितियों की आशंका जताई है।

**भारत में मौसमी वर्षा दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के लगभग 92% रहने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार कमजोर मानसून पहले से ही ऊंचे कच्चे तेल के दाम और उर्वरक आपूर्ति में बाधाओं के असर को और बढ़ा सकता है। मध्य पूर्व के संघर्ष का असर उसकी अवधि पर निर्भर करेगा, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला की समस्याएं तुरंत खत्म नहीं होंगी, भले ही अमेरिका और ईरान युद्ध समाप्त करने पर सहमत हो जाएं। यदि कमजोर मानसून से फसल उत्पादन प्रभावित होता है तो खाद्य कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी होगी, जो महंगाई को और बढ़ा सकती है।**

### खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी होगी

भारत में मौसमी वर्षा दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के लगभग 92% रहने का अनुमान है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार यह 2002 के बाद सबसे कम अनुमान है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार कमजोर मानसून पहले से ही ऊंचे कच्चे तेल के दाम और उर्वरक आपूर्ति में बाधाओं के असर को और बढ़ा सकता है। मध्य पूर्व के संघर्ष का असर उसकी अवधि पर निर्भर करेगा, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला की समस्याएं तुरंत खत्म नहीं होंगी, भले ही अमेरिका और ईरान युद्ध समाप्त करने पर सहमत हो जाएं।

यदि कमजोर मानसून से फसल उत्पादन प्रभावित होता है तो खाद्य कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी होगी, जो महंगाई को और बढ़ा सकती है। बता दें कि अल नीनो समुद्र की



सतह के तापमान में वृद्धि की एक प्रक्रिया है, जो प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से में समय-समय पर होती है। इससे वैश्विक मौसम पैटर्न प्रभावित होते हैं। भारत में इसका असर दक्षिण-पश्चिम मानसून को कमजोर करने के रूप में दिखता है, जिससे कम वर्षा और कभी-कभी सूखे की स्थिति पैदा हो सकती है।

### गुणवत्ता और उत्पादन पर प्रभाव

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार अल नीनो के दौरान भारत का मानसून सामान्य से कमजोर रहता है। 1950 के बाद 16 अल नीनो वर्षों में से 7 बार मानसून सामान्य से कम रहा। अर्थशास्त्री युविका सिंघल के अनुसार अगस्त के आसपास अल नीनो होने पर मानसून की शुरुआत सामान्य रह सकती है और खरीफ बुवाई भी ठीक हो सकती है, लेकिन अगस्त-सितंबर में बारिश की कमी से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों प्रभावित हो सकते हैं। मध्य पूर्व संकट के कारण उर्वरकों की कमी इस स्थिति को और खराब कर सकती है, जिससे इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में खाद्य कीमतें, खासकर दालें, तिलहन और जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। सरकार द्वारा खुले बाजार में चावल और गेहूं के भंडार जारी करने से अनाज की कीमतों पर कुछ नियंत्रण रह सकता है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार अल नीनो के कारण टमाटर की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि आलू की कीमतों पर असर नहीं होगा। प्याज की कीमतें सामान्य वर्षों में भी आम लोगों को परेशान करती हैं।

### महंगाई और जीडीपी पर असर

एलएंडटी के मुख्य अर्थशास्त्री सचिदानंद शुक्ला के अनुसार घरेलू फसलों के अलावा कोको, कॉफी, चीनी और पाम ऑयल जैसी वैश्विक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। ऊंचे कच्चे तेल के दाम ईंधन, उर्वरक और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ाकर अतिरिक्त दबाव डालते हैं।

कच्चे तेल, गैस, उर्वरक और संभावित रूप से फसलों की आपूर्ति झटकों के कारण महंगाई अपेक्षा से ज्यादा हो सकती है और जीडीपी वृद्धि दर कम हो सकती है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार केवल अल नीनो का असर सीमित हो सकता है, लेकिन अल नीनो और सूखे की स्थिति में जीडीपी में 0.20% से 0.65% तक की गिरावट संभव है। पीडब्लूसी इंडिया के रणेन बनर्जी के अनुसार यदि मानसून में 8-10% की कमी होती है और जलाशयों का स्तर पहले से ही कम है, तो खाद्य महंगाई बढ़ सकती है और इसका असर खरीफ के साथ-साथ रबी फसलों पर भी पड़ सकता है। उनके अनुसार हेडलाइन महंगाई 5% से ऊपर जा सकती है, लेकिन आरबीआई की 6% की सीमा के भीतर रह सकती है। यदि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होती है, तो सीपीआई महंगाई में 0.20-0.25% तक की बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल सरकार ने कीमत बढ़ाने की कोई योजना नहीं बताई है।

### आगे का अनुमान

अगर कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहता है और मानसून सामान्य से कम होता है, तो 2026-27 में सीपीआई महंगाई 4.5% और जीडीपी वृद्धि 6.6% रह सकती है। कमजोर मानसून से ज्यादा खतरा लंबे समय तक ऊंचे कच्चे तेल के दाम से है, क्योंकि इससे व्यापक महंगाई बढ़ सकती है। कमजोर मानसून और ऊंचे कच्चे तेल की कीमतों का संयोजन लोगों की आय और खपत पर दबाव डाल सकता है।

### अल नीनो से जोखिम

वित्त वर्ष की पहली छमाही में वृद्धि थोड़ी धीमी हो सकती है। फिर भी, एसबीआई रिसर्च के अनुसार भारत 6.8% से 7.1% की दर से वृद्धि बनाए रख सकता है, जो वैश्विक औसत से बेहतर है। मजबूत घरेलू मांग, इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और सेवाओं का क्षेत्र इसकी ताकत बने हुए हैं, जबकि भू-राजनीतिक तनाव, तेल की कीमतें, आपूर्ति बाधाएं और अल नीनो जोखिम बने हुए हैं।इसके अलावा, सरकार की पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर निरंतर जोर अर्थव्यवस्था को सहारा दे रहा है। निजी क्षेत्र का निवेश भी धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। कुल मिलाकर, बाहरी जोखिमों के बावजूद भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है और मध्यम अवधि में स्थिर वृद्धि की उम्मीद कायम है।

# किसानों के लिए चलाएं जागरूकता अभियान



**उम्मीद**

योगेश कुमार सोनी

वरिष्ठ पत्रकार

जैसे ही कृषि से संबंधित किसी भी घटना का प्रभाव माना जाता है तो हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों की ही बात होती है। चूंकि नॉर्थ इंडिया में यह वो राज्य हैं जो लगभग अनाज की आपूर्ति के लिए पर्याप्त माने जाते हैं। जब कमजोर मानसून आता है तो इससे इन राज्यों के किसानों के मन में एक निराशा सी छा जाती है व आपूर्ति पर भी प्रभाव पड़ता है, लेकिन अब सवाल यह है कि बीते कई वर्षों से हम कई बार फसल की बर्बादी देख चुके, जिससे आर्थिक नुकसान के अलावा किसानों की जानें तक भी चली जा जाती हैं। जब हम इस दृश्य को कई बार खुली आंखों से देख चुके हैं तो क्या अब इसके लिए किसानों के पास कोई समाधान है? तकनीकी व पुरानी घटनाओं के आधार पर विशेषज्ञों के अनुसार कुछ ऐसी बातें हैं जिससे फसल बच सकती है। सबसे पहले बारिश के बाद गेहूं की फसल को सबसे ज्यादा खतरा खेत में ठहरे हुए पानी से माना जाता है क्योंकि अगर फसल की जड़ों में ज्यादा देर तक पानी जमा रहा तो जड़ें गलने लगेंगी, साथ ही नमी की वजह से दाने काले पड़ सकते हैं व फंगस लग जाएगी। इसलिए जैसे ही बारिश रुक जाए तो सबसे पहला काम यह करें कि खेत के निचले हिस्सों में फावड़े से छोटी-छोटी नालियां बना दें।

**सवाल यह है कि बीते कई वर्षों से हम कई बार फसल की बर्बादी देख चुके, जिससे आर्थिक नुकसान के अलावा किसानों की जानें तक भी चली जा जाती हैं। जब हम इस दृश्य को कई बार खुली आंखों से देख चुके हैं तो क्या अब इसके लिए किसानों के पास कोई समाधान है?**

बारिश के बीच या ठीक बाद काटी गई फसल में नमी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। यदि भीगे हुए गेहूं को बोरियों में भर देंगे तो वह कुछ ही समय में सड़ने लगेगा व बदबू मारेगी। इसलिए कटाई के बाद फसल को किसी ऊंचे स्थान या पक्के फर्श पर फैला कर दानों को बार-बार ऊपर-नीचे करते रहें ताकि धूप और हवा हर दाने तक पहुंचे। अक्सर देखा जाता है कि तेज हवा और बारिश की वजह से गेहूं की फसल खेत में बिछ जाती है। यदि फसल गिर जाती है तो उसे ज्यादा दिनों तक जमीन पर न रहने दें। चूंकि मिट्टी की नमी गिरी हुई बालियों को जल्दी खराब कर देती है जिससे पैदावार में भारी गिरावट आ जाती है। ऐसी स्थिति में धूप निकलते ही जितनी जल्दी हो सके गिरी हुई फसल की कटाई शुरू कर दें। कई बार लगातार बारिश और नमी की वजह से बालियों में लगे हुए दाने खेत में ही अंकुरित होने लगते हैं। यदि बालियों में हल्का भी अंकुरण दिखाई दे तो इसे फसल के लिए बडा खतरा समझें और एक मिनट भी बर्बाद न करें, क्योंकि अंकुरित गेहूं न तो मंडी में अच्छे भाव बिकता है और न ही खाने लायक बचता है। इसके अलावा बहुत सारे ऐसे नुस्खे जिससे फसलों की बर्बादी बचाई जा सकती है। वहीं, यदि इन सब उपायों के बाद भी फसल नहीं बचती अथवा बड़ी प्राकृतिक आपदा आ जाती है तो फसल बर्बादी होने पर सरकार मुख्य रूप से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वित्तीय सहायता देती है।

इसमें ओलावृष्टि, बाढ़, सूखे या कीटों के हमले से नुकसान पर मुआवजा मिलता है, लेकिन किसान बीमा दावा पाने के लिए किसानों को 72 घंटे में नुकसान की सूचना देनी होती है। इसके अलावा राज्य सरकारें अलग से राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत मदद करती हैं। लेकिन इसके लिए किसान को भी जागरूक होना आवश्यक है। चूंकि अब सारे कार्य एप से होते हैं और सब कुछ ऑनलाइन है। यह सब होने से सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि किसानों और सरकारों के बीच की दलाली प्रथा भी खत्म हो गई। किसानों के लिए सरकारों के तत्वावधान में हमेशा सार्थक कदम उठाए जाते रहे हैं। यदि इस प्रणाली में किसानों को एप चलाने की जानकारी और दे दी जाए तो किसानों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

जैसा कि हम जानते हैं कि नॉर्थ इंडिया का मुख्य अनाज मुख्यतः गेहूं पर ही आधारित है और इसके लिए सबसे ज्यादा भरपाई हरियाणा,पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश जैसे राज्य करते हैं तो इसलिए यहां किसानों के लिए एक विशेष टीम को गठित करते हुए किसानों को जागरूक किया जाए और उनकी सभी योजनाओं का लाभ देने में मदद की जाए। हमारे देश में किसानों को अन्नदाता का दर्जा दिया गया है। किसानों की जमीन गरीब व मुफलिसी के चलते न बिके व उनकी हर सही जरूरत का ध्यान रखा जाए, जिससे हमारे देश को मिला कृषि प्रधान देश का तमगा हमेशा बना रहे।

# खेती की लागत और उत्पादन पर होगा असर



**चुनौती**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

कमजोर मानसून के शुरुआती संकेत और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने खेती की लागत और उत्पादन दोनों पर खतरा बढ़ा दिया है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि कम बारिश फसल उत्पादन, खाद्य कीमतों और ग्रामीण आय पर असर डाल सकती है, खासकर तब, जब ग्रामीण बाजार हाल में ही लंबी सुस्ती के बाद सुधार दिखा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अपने पहले दीर्घकालिक पूर्वानुमान में वर्षा को लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) का 92 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जो सामान्य से कम है। यह पिछले लगभग 25 वर्षों में सबसे कमजोर शुरुआती अनुमान माना जा रहा है और 2024-25 में दर्ज सामान्य से अधिक बारिश के रुझान के उलट है। ऐसे में खरीफ सीजन की फसलों पर इसका सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है, जिससे कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग दोनों प्रभावित हो सकते हैं। यह स्थिति देश के लगभग 60 प्रतिशत किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय हो सकती है, जो खरीफ फसल के लिए पूरी तरह मानसूनी वर्षा पर निर्भर रहते हैं। कई क्षेत्रों के लिए यह दोहरी मार जैसी स्थिति है, क्योंकि वे पहले ही 2026 के प्री-मानसून मौसम में ओलावृष्टि और बाढ़ के कारण नुकसान झेल चुके हैं। बारिश कम होने से खेती की लागत और भी बढ़ सकती है, जिससे दलहन और तिलहन की फसलों के दाम बढ़ सकते हैं, जिससे देश में खाद्य महंगाई में इजाफा हो सकता है। हालांकि पर्याप्त बफर स्टॉक के कारण सरकार को धान उत्पादन को लेकर ज्यादा चिंता नहीं होगी, लेकिन अन्य फसलों के उत्पादन में गिरावट से इनकी कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी खाद्य महंगाई पर दबाव बढ़ा सकती है। अलनीनो या सुपर अलनीनो की आशंका से अर्थशास्त्री इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि इससे पहले भी अल नीनो के कारण अनियमित वर्षा पैटर्न से 2023-24 फसल वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन 6.1 फीसदी तक घट गया था। 1980 के बाद के लगभग 70 फीसदी अल नीनो वर्षों में देश में कम वर्षा दर्ज की गई है। अगर ऐसा हुआ तो आने वाले महीनों में न सिर्फ गर्मी नया रिकॉर्ड बनाएगी, बल्कि देश के कुछ इलाकों को सूखे का सामना भी करना पड़ सकता है। बहरहाल, मानसून को लेकर आईएमडी का यह पूर्वानुमान मौसम ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी एक चेतावनी भरा संकेत है, क्योंकि कमजोर मानसून का असर आम तौर पर खाद्य मुद्रास्फीति, ग्रामीण आय और विवेकाधीन खर्च के जरिए व्यापक अर्थव्यवस्था तक पहुंचता है। इससे एफएमसीजी, ट्रैक्टर, दोपहिया और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की मांग पर दबाव बन सकता है, हालांकि विभिन्न क्षेत्रों और उत्पाद श्रेणियों पर असर एक जैसा नहीं होता।

***बारिश कम होने से खेती की लागत और भी बढ़ सकती है, जिससे दलहन और तिलहन की फसलों के दाम बढ़ सकते हैं, जिससे देश में खाद्य महंगाई में इजाफा हो सकता है।***

खैर, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव (ईरान युद्ध) के कारण यह चिंता और भी बढ़ गई है, क्योंकि युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) को बाधित किया है। इसके कारण उर्वरक और ऊर्जा की लागत बढ़ने से कृषि के खर्च (इनपुट कॉस्ट) को पहले ही बढ़ा दिया है। साफ है, अगर हालात बिगड़ते हैं तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। भारत में तेल महंगा होने का मतलब है ट्रांसपोर्ट और खेती की लागत बढ़ना। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर दो खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। अगर मानसून असफल रहता है तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सामान्य से ऊपर मानसून रहने पर कृषि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे ग्रामीण बाजारों में उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलता है। अच्छी बारिश न सिर्फ कृषि क्षेत्र के लिए जरूरी है, बल्कि इससे उद्योग जगत में भी बहार आती है। मालूम हो कि खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। इससे पूरी आर्थिक एक्टिविटी गड़बड़ा जाती है। अब आने वाले समय में मानसून कैसा रहता है, अल नीनो कितना असर डालता है और दुनिया के हालात कैसे रहते हैं, इन सब फैक्टर्स पर आगे महंगाई दर निर्भर करेगी। आने वाले कुछ महीने इस लिहाज से बहुत अहम रहने वाले हैं।

# ग्रामीण क्रयशक्ति घटने से मांग पर होगा असर



**चिंतन**

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

मानसून को लेकर मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान अगर सही रहा तो तय है कि आने वाले दिनों में खेती-किसानी को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। स्वाभाविक है कि इससे देश के समूचे आर्थिक तंत्र और चक्र पर खराब असर पड़ेगा। मौसम विभाग ने इस साल मानसून के 'सामान्य से कम' यानी करीब 92 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। माना जा रहा है कि इससे अल नीनो की स्थिति उत्पन्न होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गिरावट आ सकती है। भारत की तकरीबन 45 फीसद खेती चूंकि मानसूनी बारिश पर निर्भर है, लिहाजा कमजोर मानसून की वजह से फसल की पैदावार कम हो सकती है।

इससे ग्रामीण क्रयशक्ति में कमी हो सकती है। इससे उपभोक्ता मांग भी प्रभावित होगी। हकीकत यह है कि मानसून भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। मानसून आधारित कृषि देश के समूचे कार्यबल के करीब आधे हिस्से को रोजगार देती है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए का कहना है कि कम वर्षा से खरीफ फसलों की बुवाई पर असर पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन तो कम होगा ही, किसानों की आय घटेगी और खाद्य पदार्थों की कीमतों बढ़ोत्तरी होगी। आशंका है कि वित्त वर्ष 2027 में खाद्य मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। फसलों की पैदावार कम होने की आशंका के चलते, अनाज और दालों की कीमतों में बढ़ोतरी होना तय है, जिसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ेगा। कमजोर मानसून से कृषि श्रमिकों की मजदूरी पर भी असर पड़ सकता है। निश्चित तौर पर इसका असर देश की विकास दर, सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी और मुद्रास्फीति पर असर पड़ सकता है। इसके लिए अभी से ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंत्रालय का कहना है कि औसत से कम मानसून रहता है तो उससे फसल पैदावार में आने वाली गिरावट और अर्थव्यवस्था के नुकसान को कम करने की वह कोशिश कर रहा है। हालांकि मंत्रालय का मानना है कि देश के जलाशयों का मौजूदा जल स्तर



**सूक्ष्म सिंचाई की तकनीक, वैज्ञानिक सलाह और फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देकर आशंकित संकट को कम किया जा सकता है।**

सामान्य स्तर से 127.01 प्रतिशत ज्यादा है, लिहाजा सिंचाई के लिए पर्याप्त जल भंडार उपलब्ध हैं। इस वजह से मंत्रालय को लगता है कि आशंका की बजाय कृषि पर अपेक्षाकृत कम असर रहेगा। सूक्ष्म सिंचाई की तकनीक, वैज्ञानिक सलाह और फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देकर आशंकित संकट को कम किया जा सकता है। इसलिए मंत्रालय ऐसी कोशिशें तेज कर चुका है। इसे ही ध्यान में रखते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों को सूखा-प्रतिरोधी बीज की किस्मों को बढ़ावा देने और ₹विलंबित बुवाई₹ रणनीति को बढ़ावा देने का आदेश दिया है। अगर खरीफ की फसलों की उपज कम रही तो देश के पास उपलब्ध रिकॉर्ड 380 लाख मीट्रिक टन चावल के भंडार का मुंह खोलकर सरकार देश में खाद्यान्न की कमी और उसकी वजह से होने वाली खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की कोशिश कर सकती है। मानसून के पूर्वानुमान और उससे कृषि उपज, ग्रामीण आय और खाद्य कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर विश्लेषकों की राय अलग-अलग हैं। विश्लेषकों ने मौजूदा चिंताओं को खारिज करते हुए कहा है कि देश में 380 लाख मीट्रिक टन का पर्याप्त चावल भंडार मौजूद है। उनका तर्क है कि जरूरी नहीं कि खाद्य मुद्रास्फीति वर्षा की मात्रा पर निर्भर ही रहे। उनके मुताबिक, यह देखना होगा कि बारिश किस इलाके में कितना होती है। किसी इलाके में बेहतर बारिश होगी तो वहां का स्थानीय अन्न उत्पादन बेहतर होगा, बनिस्बत जहां कम बारिश होगी। इससे हो सकता है कि अन्न उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर उतनी कमी ना दिखे, जैसी आशंका जताई जा रही है। देखा गया है कि अपेक्षाकृत अच्छी बारिश वाले वर्षों में भी खाद्य मुद्रास्फीति अधिक रही है, जैसे वित्त वर्ष 2009 में 98 प्रतिशत बारिश के साथ 8.43 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2011 में 102 प्रतिशत बारिश के साथ 15.2 प्रतिशत खाद्य मुद्रास्फीति रही। वहीं, कम बारिश वाले वर्षों, जैसे वित्त वर्ष 2013 में 93 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2019 में 91 प्रतिशत बारिश के साथ खाद्य मुद्रास्फीति क्रमशः 6.33 प्रतिशत और 0.09 फीसद रही। रिजर्व बैंक की एमपीसी ने इन हालात का ध्यान रखते हुए ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं करने का फैसला लिया है। हालांकि रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा का कहना है कि अगर मानसून की स्थिति खराब होती है या फिर पश्चिम एशिया संकट के चलते ऊर्जा की कीमतें बढ़ती हैं, तो वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में मौद्रिक नीति को सख्त किया जा सकता है।

# नीति निर्धारण नहीं, बल्कि त्वरित क्रियान्वयन आवश्यक



**दृष्टिकोण**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

भारतीय कृषि वर्तमान में एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रही है। प्रकृति की प्रतिकूलता तथा वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता ने मिलकर एक दोहरी मार की स्थिति उत्पन्न कर दी है। कम व असंतुलित मानसून के कारण जलभराव तथा सिंचाई की अनिश्चितता ने बुवाई चक्र को प्रभावित किया है, वहीं खाड़ी युद्ध की विभीषिका ने उर्वरक उत्पादन को बाधित किया है। देश में उर्वरक उत्पादन में 25 प्रतिशत से अधिक की कमी हुई है, जो प्रत्यक्ष रूप में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

इस संकट की तीव्रता को होर्मुज के गतिरोध ने अधिक जटिल बना दिया है। कतर तथा ओमान जैसे प्रमुख उर्वरक निर्यातक देशों से होने वाला आयात लगभग बंद है, जिससे आपूर्ति पूरी तरह छिन्न-भिन्न है। ऐसे कठिन समय में, जब कृषक पहले से ही प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन की मार झेल रहे हैं, उर्वरकों की कमी तथा इनके बढ़ते मूल्यों ने उनकी आजीविका को असुरक्षित कर दिया है। इन परिस्थितियों में, कृषि मंत्रालय की भूमिका केवल एक नियामक की न होकर, एक संकट प्रबंधक की होनी चाहिए। मंत्रालय को अब तात्कालिक राहत तथा दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता के बीच संतुलन साधने के लिए कुछ असाधारण कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक मार्गों से वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों की खोज सम्मिलित है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर 'नैनो यूरिया अर्थात सूक्ष्म तरल उर्वरक' जैसे विकल्पों को प्रोत्साहन देना तथा वितरण प्रणाली में स्थायी पारदर्शिता लाना भी अनिवार्य है। भारत जैसी कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के लिए उर्वरक केवल एक आयात आधारित आगत नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि का महत्वपूर्ण कारक भी है। इस संदर्भ में यह आशंका विचारणीय है कि यदि समय रहते कठोर तथा नवीन कृषि नीतिक कार्य संपन्न नहीं किए गए तो उर्वरक संकट को व्यापक खाद्य संकट में परिवर्तित होने में समय नहीं लगेगा। होर्मुज बाधा द्वारा रुकी हुई उर्वरक आपूर्ति के लिए मंत्रालय को विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर वार्ता करनी



**मंत्रालय को देशभर के 'उर्वरक विक्रय स्थानों' का मशीन आधारित आंकड़ा बनाकर उसका वास्तविक समय में विश्लेषण करना चाहिए।**

चाहिए। इनके अतिरिक्त रूस, मोरक्को तथा कनाडा जैसे वैकल्पिक उर्वरक उत्पादक देशों के साथ दीर्घकालिक आयात-अनुबंध करने होंगे। साथ ही, इनकी बाधामुक्त आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गों के स्थान पर, यदि संभव हो तो, सुरक्षित थल मार्गों अथवा अन्य सागर तटों के उपयोग की संभावनाओं को तत्काल खोजना होगा। नैनो अर्थात सूक्ष्म तरलीकृत उर्वरकों तथा इनके जैविक विकल्पों को युद्धस्तर पर बढ़ावा देना। पारंपरिक यूरिया तथा डीएपी की कमी दूर करने के लिए नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के प्रयोग को एक राष्ट्रीय अभियान बनाना अनिवार्य है। इसके लिए इनका प्रसार होना चाहिए। अतः कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को नैनो उर्वरकों के लाभ बताने होंगे। शासन को जैव-उर्वरकों तथा वर्मी-कम्पोस्ट पर प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करनी होगी, ताकि अखिल भारतीय कृषकों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सके। वितरण प्रणाली की सूक्ष्म निगरानी तथा कालाबाजारी पर रोक के अभियान को शासकीय निष्ठा के साथ संपन्न करना होगा। खाद की आपूर्ति कम होने पर इसके व्यापारियों द्वारा जमाखोरी तथा कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है। मंत्रालय को देशभर के 'उर्वरक विक्रय स्थानों' का मशीन आधारित आंकड़ा बनाकर उसका वास्तविक समय में विश्लेषण करना चाहिए। इस हेतु डिजिटल सूचना-पट तैयार करना होगा, ताकि राज्य स्तर पर उर्वरक की उपलब्धता की पारदर्शी निगरानी संभव हो सके। संकट के समय में उर्वरकों का अपव्यय रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। कृषकों को मृदा स्वास्थ्य पत्र के आधार पर केवल आवश्यक मात्रा में ही पोषक तत्व डालने के लिए प्रेरित किया जाए। इससे न केवल उर्वरक की बचत होगी, बल्कि खेती की लागत में भी कमी आएगी। भारत में उर्वरक का कच्चा माल (जैसे रॉक फास्फेट तथा प्राकृतिक गैस) की कमी है। इसीलिए इसके लिए हम आयात पर निर्भर हैं। देश में अपशिष्ट से कृषिधन प्रतिरूप अपनाकर गोबर व कृषि अवशेषों से बड़े स्तर पर 'कंपोस्ट' तथा 'तरल जैव-उर्वरक' का उत्पादन किया जा सकता है। साथ ही, हरित हाइड्रोजन आधारित अमोनिया संयंत्र लगाकर विदेशी कच्चे माल तथा गैस पर निर्भरता समाप्त की जा सकती है। यह समय कृषि मंत्रालय के लिए केवल नीति निर्धारण का नहीं, बल्कि त्वरित क्रियान्वयन का है।

▶▶ कुश्ती में कंधे, घुटने और टखने सबसे ज्यादा जोखिम में ▶▶ फिजियोथेरेपी और स्ट्रेंथनिंग से ही मिलती है स्थायी रिकवरी ▶▶ दर्द और सूजन को नजरअंदाज न करें ▶▶ पीआरआईसीई और एबीसीडीई से बनाएं सुरक्षा कवच, बने रहें फिट ▶▶ सही इलाज और फिजियोथेरेपी से जीत संभव ▶▶ गोल्डन ऑवर में सही इलाज है जीवन रक्षक

# कुश्ती में चोट का इलाज ही नहीं, बचाव भी बेहद जरूरी

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

खेलों में जीत के पीछे जितनी मेहनत और अनुशासन होता है, उतना ही बड़ा खतरा चोटों का भी रहता है। खासकर कुश्ती जैसे संपर्क वाले खेल में चोट किसी भी खिलाड़ी के करियर को प्रभावित कर सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही समय पर उपचार और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर इन जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। पीजीआईएमएस रोहतक के खेल चिकित्सा एवं खेल चोट केंद्र के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश रोहिल्ला ने बताया कि पहलवानों को 'कॉलीफ्लावर ईयर' (कान में चोट लगने के कारण होने वाली एक स्थायी विकृति है, जिसमें कान सूजकर फूलगोभी जैसा दिखने लगता है।) जैसी चोटों के प्रति विशेष रूप से सतर्क रहना चाहिए। कान पर चोट लगने से त्वचा और उपास्थि के बीच रक्त का थक्का (हेमेटोमा) बन जाता है। यदि 6 घंटे के भीतर इसका इलाज न हो, तो 7-10 दिनों में कान स्थायी रूप से सिकुड़ सकता है। खुद सुई से रक्त निकालने की कोशिश न करें, क्योंकि इससे संक्रमण और मवाद का खतरा बढ़ जाता है।




एआई जेनरेटिड फोटो।

**पीआरआईसीई एबीसीडीई फॉर्मूला**

मांसपेशियों व लिगामेंट की चोटों के लिए डॉक्टरों ने पीआरआईसीई (प्रोटेक्शन, रेस्ट, आइस, कंप्रेसर, एलीवेशन) फॉर्मूला अपनाने की सलाह दी। वहीं, गंभीर चोटों में एबीसीडीई (एयरवे, ब्रीदिंग, सर्कुलेशन, न्यूरोलॉजिकल स्थिति, एक्सपोजर) क्रम का पालन करना चाहिए।

### इन चोटों का खतरा

- घुटना, कंधा, कमर टखने में चोट

### चोट के कारण

- वार्म-अप की कमी
- खराब उपकरण
- अत्यधिक थकान
- गलत तकनीक
- अनुचित मुकाबला
- ओवर कॉफिडेंस

### बचाव के उपाय

- सही वार्म-अप और कूल-डाउन करें
- सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें
- फिटनेस व स्ट्रेंथ पर ध्यान
- ओवरट्रेनिंग से बचें
- चोट नजरअंदाज न करें

## समझें चोट लगने और ठीक होने का गणित

संडे स्पेशल

### फिजियोथेरेपी

**1. दर्द व सूजन कम करने के लिए**

- आइस थेरेपी (कोल्ड थेरेपी)
- अल्ट्रासाउंड थेरेपी
- टीईएनएस
- आईएफटी

**2. जोड़ों की गति बढ़ाने के लिए**

- रेंज ऑफ मोशन
- जॉइंट मोबिलाइजेशन

**3. मांसपेशियों की ताकत के लिए**

- स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज
- रेजिस्टेंस ट्रेनिंग

**4. फिटनेस सुधारने के लिए**

- स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

**5. बैलेंस और कोऑर्डिनेशन**

- बैलेंस और प्रोप्रियोसेप्शन

**6. क्षमता बहाली करने के लिए**

- फंक्शनल ट्रेनिंग
- पोस्टरल करेक्शन व एर्गोनॉमिक

**7. विशेष तकनीकें**

- मैनुअल थेरेपी
- कैनेसीओ टेपिंग
- ड्राई नीडलिंग

**कंधे के लिए**

- रोटेटर कफ स्ट्रेंथनिंग
- वॉल स्लाइड
- आर्म सर्कल्स

**घुटने के लिए**

- लंजेस
- स्क्वाट होल्ड
- टर्मिनल नी एक्सटेंशन
- हील स्लाइड्स
- क्वाड्रिसेप्स और हैमस्ट्रिंग एक्सरसाइज

**डाइट व रिकवरी**

- चोट के बाद शरीर को 20% ज्यादा ऊर्जा चाहिए। प्रोटीन 1.6–2.5 g/kg प्रतिदिन रखें, ल्यूसीन-समृद्ध खाद्य पदार्थ (दूध, मांस, मछली, सोयाबीन, मेवे) लें। सूजन घटाने के लिए मेवे व बेरी जैसे एंटीऑक्सीडेंट समृद्ध फल सब्जियां चुनें। दही, ओट्स जैसे प्री-प्रोबायोटिक खाने से पाचन व प्रतिरक्षा मजबूत होगी। पर्याप्त पानी पिएं, शराब व तली-भुनी चीजों से बचें और नींद पूरी लें।



### गोल्डन ऑवर में उपचार जरूरी

गंभीर चोट या कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में पहला एक घंटा यानी 'गोल्डन ऑवर' सबसे अहम होता है। ऐसी स्थिति में कोच व खिलाड़ियों का सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) व एईडी (ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर) प्रमाणित होना जीवन रक्षक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार हर मिनट की देरी जीवित रहने की संभावना को 10% तक कम कर देती है। -**डॉ. राजेश रोहिल्ला**, विभागाध्यक्ष खेल चिकित्सा एवं खेल चोट केंद्र पीजीआईएमएस रोहतक



### सिर्फ टेपिंग नहीं, स्ट्रेंथ जरूरी

कुश्ती में कंधे (रोटेटर कफ), घुटने (एसीएल व एमसीएल) और टखने की चोटें सबसे अधिक होती हैं। किनेसियो टेपिंग केवल अस्थायी सहारा देती है, जबकि स्थायी मजबूती के लिए स्ट्रेंथनिंग, मोबिलिटी और स्टेबिलिटी ट्रेनिंग जरूरी है। साथ ही, मानसिक मजबूती के लिए विजुअलाइजेशन और छोटे लक्ष्य तय करना भी फायदेमंद होता है। -**डॉ. हेमलता**, स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट, पीजीआईएमएस रोहतक



### नीम हकीमों के चक्कर में न पड़ें

चोट लगने पर लापरवाही खिलाड़ी के करियर के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। घुटने और कंधे में चोट सबसे आम होती है, जबकि रीढ़ और डिस्क से जुड़ी समस्याएं भी खिलाड़ियों में देखी जाती हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत फिजियोथेरेपिस्ट या विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लें। गर्म और ठंडी सिकाई करें। पूरी तरह ठीक होने पर ही मैदान में वापसी करें। देसी इलाज या नीम-हकीमों के चक्कर में न पड़ें। -**रणबीर ढाका**, कुश्ती कोच, रोहतक



### चोटों को मात देकर जीते पदक

पहले कमर में फ्रैक्चर हुआ। फिर कंधा खिसका। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी, लेकिन मैंने फिजियोथेरेपी व अनुशासित एक्सरसाइज शेड्यूल के जरिए बिना सर्जरी के रिकवरी की। गुड़गांव और हिसार के अस्पताल में इलाज करवाया। कमर की चोट से पूरी तरह उबरने में डेढ़ साल लगा। इसके बाद 2018 और 2024 में भी उन्हें गंभीर चोटें आई थी। लेकिन चोट से रिकवरी की और एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। -**अभिमन्यु**, पहलवान

---

राहुल का शतक बेकार, पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया

# 7 गेंद पहले पंजाब ने किया 264 रन चेज

**दोनों पारी में लगे कुल 33 छक्के और 49 चौके**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकेश राहुल की नाबाद 152 रन की पारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के बड़े स्कोर वाले टी20 मैच में शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ 7 गेंद शेष रहते 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कैपिटल्स ने 2 विकेट पर 264 रन बनाए, लेकिन टीम के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 36 गेंदों में नाबाद 71 रन की पारी से 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 265 रन बनाकर आईपीएल में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का नया रिकॉर्ड कायम कर अपना अजेय अभियान जारी रखा। मौजूदा सत्र में यह टीम की 7 मैचों में छठी जीत है।

### प्रभसिमरन- प्रियांश की 128 रन की साझेदारी

प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए प्रियांश आर्य के साथ 42 गेंदों में 128 रन की साझेदारी कर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। तीन गेंदों के अंदर करुण नायर से मिले दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए अय्यर ने चौथे विकेट के लिए नेहाल वढेरा (25) के साथ 31 गेंदों में 51 और पांचवें विकेट के लिए शशांक सिंह (नाबाद 19) के साथ 26 गेंदों में 64 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रभसिमरन ने 26 गेंदों की पारी में 9 चौके और 5 छक्के लगाए, जबकि अय्यर ने 36 गेंदों की पारी में 3 चौके और 7 छक्के जड़े।

### *राहुल ने नीतीश के साथ की 220 रन की साझेदारी*

*राहुल ने नीतीश राणा के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 गेंदों में 220 रन की साझेदारी कर, जिससे कैपिटल्स ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। आईपीएल में अपने छठे शतक के दौरान राहुल ने 67 गेंदों की पारी में 16 चौके और 9 छक्के लगाए, जबकि राणा ने 44 गेंदों की पारी में 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। दोनों की 220 रन की साझेदारी आईपीएल की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।*




## कैच लेने की कोशिश में गिरे एनगिडी, सिर पर गंभीर चोट



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को आईपीएल मैच के दौरान गंभीर चोट लगने के बाद एंबुलेंस की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। जीत के लिए 265 रन का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर प्रियांश आर्या के शॉट पर मिड-ऑफ पर खड़े एनगिडी कैच लेने के लिए पीछे की ओर भागे, लेकिन गेंद का सही अनुमान नहीं लगा सके और संतुलन बिगड़ने के कारण गिर पड़े। इस दौरान उनका कंधा और सिर जोर से जमीन से टकराया। मैदान पर गिरते ही एनगिडी ने तुरंत अपना सिर पकड़ लिया और कुछ समय तक जमीन पर ही स्थिर रहे। वह कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहे, जिसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे।

### लय की तलाश में सीएसके वापसी को बेताब गुजरात

**आज दोपहर 3.30 बजे से**

**चेन्नई।** पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी।

### कप्तानी की कसौटी पर आज रहाणे और पंत

**मैच रात 7.30 बजे से**

**लखनऊ।** कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं, जिनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को आईपीएल के मैच में आमने-सामने होंगी। आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे। यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली।

सूर्यवंशी का शतक बेकार

# सनराइजर्स हैदराबाद से 5 विकेट से हारी राजस्थान




भाषा ▶▶ जयपुर

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन (74 रन) और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (57 रन) की अर्धशतकीय पारियां 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी (103 रन) के इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास के तीसरे सबसे तेज शतक पर भारी पड़ी जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को यहां आईपीएल मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से शिकस्त देकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने सूर्यवंशी (103 रन) के 36 गेंद में आईपीएल के इतिहास के तीसरे सबसे तेज शतक और ध्रुव जुरेल (51 रन) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 112 रन साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 229 रन बनाकर अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। सनराइजर्स हैदराबाद इस तरह आठ मैच में 10 अंक से राजस्थान रॉयल्स को हटाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। राजस्थान रॉयल्स की टीम इतने ही अंक से चौथे नंबर पर खिसक गई।

- अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की फिफ्टी

---

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 0 | 13 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

### क्वार्टर फाइनल में गवाद से हारे अभय

**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ज्यूरिख में चल रही पीएसए गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता ग्रासहॉपर कप स्क्वाश के पुरुष क्वार्टर फाइनल में मिस्र के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी करीम गवाद से हार गए।

## आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने पर नाहिदा सरमिन पर लगा जुर्माना



**दुबई।** बांग्लादेश की क्रिकेटर नाहिदा अख्तर और सरमिन सुल्ताना पर श्रीलंका के खिलाफ आईसीसी विमेंस चैंपियनशिप सीरीज के दूसरे वनडे के दौरान आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी नियमों के खिलाफ काम करते हुए पाया गया था। नाहिदा ने आर्टिकल 2.5 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान आउट होने पर बल्लेबाज की बेइज्जती करने वाली भाषा, हरकतें या इशारे करने से जुड़ा है। वहीं, सरमिन को आर्टिकल 2.8 के तहत दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से जुड़ा है।

### दोनों खिलाड़ियों को मिला डिमेरिट अंक

जुर्माने के अलावा, दोनों खिलाड़ियों को एक-एक डिमेरिट अंक भी मिला है। यह 24 महीने के समय में उनकी पहली गलती है। ये घटनाएं मैच के लगातार हिस्सों में हुईं। नाहिदा ने 17वें ओवर में श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापट्टू को आउट करने के बाद पवेलियन की ओर इशारा करते हुए उन्हें विदाई दी। इससे पहले, बांग्लादेश की पारी के 16वें ओवर में, सरमिन ने पगबाधा दिए जाने पर साफ नाराजगी दिखाई, अपने बल्ले की ओर इशारा किया और क्रीज से जाने में देरी की।

## अल्काराज नहीं कर पाएंगे खिताबी हैट्रिक पूरी, फ्रेंच ओपन से हटे



**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह दाहिनी कलाई में चोट के कारण वर्ष की इस दूसरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता से हट गए हैं। अल्काराज ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी भाग नहीं लेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल जीत हासिल की थी। स्पेन का यह खिलाड़ी इस महीने बार्सिलोना ओपन में अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के दौरान चोटिल हो गए था और अगले दिन टूर्नामेंट से हट गए था। उन्होंने इस सप्ताह के मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जब मैड्रिड में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स समारोह में हिस्सा लिया तो उनकी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्हें इस समारोह में विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

### मेरे लिए मुश्किल समय : अल्काराज

अल्काराज ने कहा कि चिकित्सा परीक्षणों के बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'आज किए गए परीक्षणों के परिणामों के बाद हमने फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम सतर्क रहना तथा रोम (इटालियन ओपन) और रोलां गैरां (फ्रेंच ओपन) में भाग नहीं लेना है। यह मेरे लिए मुश्किल समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगा।'

## यूटीटी की नीलामी में शामिल होंगे ठक्कर, शाह-दीया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के शीर्ष खिलाड़ी मानव ठक्कर, मानुष शाह और दीया चितले सहित देश और विदेश के कई शीर्ष खिलाड़ी अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) की अगले सप्ताह होने वाली नीलामी में शामिल होंगे जबकि दिग्गज खिलाड़ी साथियान ज्ञानसेकरन और मनिका बत्रा को उनकी फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम में बनाए रखा है। यह प्रतियोगिता 9 से 26 जुलाई तक गोवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। नीलामी 28 अप्रैल को मुंबई में होगी, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों के अलावा कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए भी बोली लगेगी।





### *ठक्कर और शाह नहीं ले पाए थे भाग*

*ठक्कर और शाह पिछले साल अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाए थे। पुरुष युगल में यह जोड़ी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है। शाह मिश्रित युगल में चितले के साथ जोड़ी बनाते हैं। यह जोड़ी विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है और डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच चुकी है।*

### दबंग टीटीसी ने साथियान को किया रिटेन

दबंग दिल्ली टीटीसी ने साथियान को जबकि अहमदाबाद एसीएल पाइपर्स ने बत्रा को रिटेन किया है। अंकुर भट्टाचार्जी और युगल विशेषज्ञ आकाश पाल को क्रमशः कोलकाता थंडरब्लैड्स और यू मुंबई टीटी ने रिटेन किया। डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और पीबीजी पुणे जगुआर्स ने अपने किसी भी खिलाड़ी को रिटेन नहीं किया है। यह दोनों फ्रेंचाइजी नई टीम यूपी प्रोमेथियंस के साथ पूरी राशि के साथ नीलामी में उतरेंगी।




## एलपीजी आपूर्ति को लेकर नहीं होगी समस्या

# सरकारी तेल कंपनियों ने 15 देशों में स्पॉट मार्केट से खरीदारी शुरू की

- भारत को वर्तमान में 34,000 टन एलपीजी की जरूरत है जो अब कई देशों से आ रही है। पहले जहां 10 देशों से एलपीजी आयात किया जाता था, तो अब ऐसे देशों की संख्या बढ़कर 15 हो गई

### स्पॉट मार्केट से एलपीजी कार्गो जून और जुलाई में भारत पहुंचने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट युद्ध में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम चल रहा है, होर्मुज पर अमेरिका और ईरान की नाकेबंदी के चलते तेल-गैस की आपूर्ति पर संकट बरकरार है। भारत में खासतौर पर एलपीजी संकट से निपटने के लिए सरकार ने घरेलू एलपीजी उत्पादन में इजाफे के साथ ही सिर्फ खाड़ी देशों पर निर्भरता न रखकर अन्य देशों से गैस का आयात शामिल है। अब भारतीय सरकारी तेल कंपनियों ने स्पॉट मार्केट से खरीदारी भी शुरू कर दी है।

किसी भी स्थिति में देश के लोगों को आपूर्ति में कमी की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। स्पॉट मार्केट से एलपीजी कार्गो जून और जुलाई में भारत पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें, स्पॉट मार्केट में तुरंत जरूरत के हिसाब से बाजार से खरीद की जाती है।

**घरेलू एलपीजी उत्पादन करीब 20 फीसदी बढ़कर 46,000 टन पर पहुंचा**



### देश में प्रतिदिन 80,000 टन एलपीजी की जरूरत

भारत में रोजाना करीब 80,000 टन एलपीजी की जरूरत है। वहीं देश में घरेलू एलपीजी उत्पादन करीब 20 फीसदी बढ़कर अब 46,000 टन किया जा चुका है। भारत को वर्तमान में 34,000 टन एलपीजी की जरूरत है जो अब कई देशों से आ रही है। पहले जहां 10 देशों से एलपीजी आयात किया जाता था, तो अब ऐसे देशों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है।

### जहां से मिलेगी, हम खरीदेंगे: सुजाता



बता दें, भारत अपनी एलपीजी मांग का लगभग 60% आयात करता है। एलपीजी संकट के बीच सरकार द्वारा घरेलू उत्पादन बढ़ाने के दिए गए आदेश के चलते उत्पादन में बड़ा इजाफा हुआ है और भारत की आयात पर निर्भरता कम हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता घरेलू आपूर्ति को पूरा करना है और इसके लिए जहां से भी मुमकिन होगा, वहीं से कार्गो मंगाया जाएगा।

### उर्वरक कमी के दावे निराधार

केंद्र सरकार ने कहा है कि उर्वरकों की कमी के हाल के दावे निराधार हैं। उर्वरक विभाग के अनुसार, अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के बीच यूरिया की उपलब्धता 257.59 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) थी, जबकि जरूरत 196.06 एलएमटी थी। डीएपी की उपलब्धता 75.40 एलएमटी, जरूरत 53.43 एलएमटी थी। एमओपी की उपलब्धता 19.64 एलएमटी थी जरूरत 15.69 एलएमटी थी।

### अमेरिका, रूस, नार्वे से हो रही खरीदारी

युद्ध से पहले भारत की जरूरत की 90% एलपीजी तमाम खाड़ी देशों से होती थी। इनमें यूएई, कतर, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और ओमान शामिल थे। वहीं एलपीजी संकट के बीच इंपोर्ट डेस्टिनेशंस में विविधिकरण के सरकार के प्लान बी के चलते अब लेकिन अब ज्यादातर खरीदारी अमेरिका, नॉर्वे, कनाडा, अल्जीरिया और रूस जैसे देशों से हो रही है। बीते दिनों सरकार ने बताया था कि करीब 8 लाख टन एलपीजी का कार्गो पहले ही सुरक्षित कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### तुर्की में पकड़ाया ड्रग माफिया सलीम डोला



**इस्तांबुल।** तुर्की की सुरक्षा एजेंसियों ने इस्तांबुल में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय कुख्यात ड्रग माफिया सलीम डोला को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी के नेटवर्क को ऑपरेट कर रहा था। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। सलीम डोला का कनेक्शन ग्लोबल सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क से था और उसका जाल कई देशों तक फैला हुआ था। इस ड्रग रैकेट के तार भारत के मोस्ट वांटेड अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क से भी जुड़े बताए जा रहे हैं।

## भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी होने से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगी देश की ताकत

# सीडीएस अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारियों संग की अहम बैठक


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

> बैठक के दौरान भारत और अमेरिका ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया

दोनों देश इंडो-पैसिफिक में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखेंगे

द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर सहमत



सीडीएस चौहान और अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के जनरल केविन बी. श्नाइडर

### अमेरिकी सेना का बड़ा बयान

### चीन पर दबाव बढ़ाने की अमेरिकी रणनीति में भारत बन रहा ताकत



अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के प्रमुख एडमिरल सैमुअल पापारो ने अमेरिकी सांसदों से कहा कि भारत के साथ जुड़ाव उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। पापारो ने चेतावनी दी कि चीन की सैन्य गतिविधियां, साथ ही रूस और उत्तर कोरिया के साथ उसके गहरे होते संबंध, क्षेत्रीय स्थिरता के लिए जटिल चुनौती पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए उसके सहयोगी देश और साझेदार ही सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत हैं।

### ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों से भी की मुलाकात

*इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्रिटेन दौरे के दौरान जनरल चौहान ने रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में भी संबोधन दिया, जहां उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और वैश्विक सुरक्षा पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया।*

## गोयल ने टॉड मैक्ले का किया स्वागत

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच कल साइन होगा एफटीए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टॉड मैक्ले और पीयूष गोयल

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मंत्री टॉड मैक्ले का भारत में स्वागत किया। यह स्वागत दोनों देशों के बीच होने वाले फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर 27 अप्रैल को साइन होने से पहले किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि उन्हें टॉड मैक्ले का भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, क्योंकि इससे भारत और न्यूजीलैंड के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल 2026 को होने वाले भारत-न्यूजीलैंड एफटीए साइनिंग से पहले यह दौरा दोनों देशों के भरोसे, साझा मूल्यों और आर्थिक विकास के एक जैसे विजन को दिखाता है। बता दें, भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए पर बातचीत औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू हुई थी। यह औपचारिक शुरुआत भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक के दौरान हुई थी। भारत और न्यूजीलैंड ने पिछले वर्ष दिसंबर को व्यापार वार्ताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। यह 2020 के बाद से भारत का सातवां व्यापार समझौता है।

## बांग्लादेश में आतंकी हमले की आशंका

# खुफिया एजेंसियों ने दी 'चेतावनी' पुलिस ने सुरक्षा अलर्ट किया जारी



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश पुलिस ने देश भर में महत्वपूर्ण ठिकानों पर संभावित आतंकवादी हमलों को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इस अलर्ट में संसद परिसर, पूजा स्थलों, मनोरंजन सुविधाओं, और सैन्य व पुलिस प्रतिष्ठानों को संभावित लक्ष्यों के रूप में चिह्नित किया गया है। आर्मरियों को विशेष रूप से खतरे में बताया गया है। यह अलर्ट खुफिया रिपोर्टों के आधार पर जारी किया गया है और इसे तत्काल और गोपनीय बताया गया है। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, यह अलर्ट हाल ही में एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के सदस्य इस्तिक अहमद सामी उर्फ अबू बकर की गिरफ्तारी के बाद जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि वह दो बर्खास्त सैन्य कर्मियों के संपर्क में था। रिपोर्टों में संभावित हमलों के पीछे दो कथित प्रमुख योजनाकारों की प्रोफाइल भी शामिल है, हालांकि किसी विशेष संगठन का नाम नहीं लिया गया है। संदिग्धों को देश की समग्र सुरक्षा के लिए 'अत्यंत खतरनाक' बताया गया है। पुलिस मुख्यालय ने आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी), विशेष शाखा (एसबी), और आतंकवाद निरोधक और अंतर्राष्ट्रीय अपराध इकाई (सीटीटीसी) सहित विशेष पुलिस इकाइयों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

## रूसी विदेश मंत्री ने यूरोप पर साधा निशाना

# कहा- यूक्रेन की आड़ में पश्चिम ने मॉस्को के खिलाफ छेड़ा युद्ध



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिमी देशों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि यूक्रेन की आड़ में रूस के खिलाफ खुला युद्ध छेड़ा जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश यूक्रेन को मोर्चे पर आगे रखकर रूस को कमजोर करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। लावरोव ने यह बयान रूसी गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में दिया।

उन्होंने कहा कि कीव शासन को पश्चिमी देश भाले की नोक की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन वह पश्चिमी हथियारों, खुफिया सूचनाओं, सैटेलाइट सिस्टम, सैन्य प्रशिक्षण और आर्थिक मदद के बिना टिक नहीं सकता। रूस के खिलाफ यह संघर्ष अब केवल परोक्ष नहीं बल्कि खुला और संगठित अभियान बन चुका है।

## नौसेना पोर्ट पर योग



### भारत-श्रीलंका नौसेनिकों ने साथ किया योग

*कोलंबो। भारतीय नौसेना पोत (आईएनएस) निरीक्षक ऑपरेशनल संक्षिप्त पड़ाव और प्रशिक्षण यात्रा के लिए मंगलवार से श्रीलंका में है। इस दौरे का मकसद दोनों पड़ोसी देशों के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूती देना है। प्रशिक्षण के दौरान कोलंबो बंदरगाह पर साझा समुद्री भावना को आगे बढ़ाते हुए आईएनएस निरीक्षक के क्रू सदस्यों ने श्रीलंका के नौसैनिकों के साथ योग सत्र का आयोजन किया।*

## चीन में ऑनलाइन फूड स्कैम का खुलासा

# 67 हजार फर्जी दुकानें, कंपनियों पर लगाया 4400 करोड़ जुर्माना

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



चीन में ऑनलाइन फूड डिलीवरी के नाम पर चल रहे एक बहुत बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। एक ग्राहक की शिकायत के बाद हुई जांच में 67,000 से ज्यादा ऐसी दुकानें मिलीं जिनका असलियत में कोई अस्तित्व ही नहीं था। इस खेल को चलते रहने के लिए अलीबाबा और पीडीडी जैसी 7 बड़ी कंपनियों पर करीब 4,400 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। खुलासा तब हुआ जब पिछले साल गर्मियों में बीजिंग में रहने वाले लियू नाम के एक व्यक्ति ने जन्मदिन के लिए एक ऑनलाइन ऐप से केक मंगवाया था, लेकिन जब केक घर पहुंचा तो वह खराब था। उस पर सजावट के लिए जो फूल लगा था, वह खाने लायक भी नहीं था। लियू ने इसकी शिकायत स्थानीय अधिकारियों से की। जांच में ऐसी 67,000 नकली दुकानों का पता चला है, जो अब तक 36 लाख से ज्यादा केक बेच चुकी थीं।

जब जांच शुरू हुई, तो अधिकारियों को पता चला कि जिस बेकरी से केक आया था, वह कागजों पर तो 400 दुकानों वाली एक बड़ी चेन थी, लेकिन असलियत में उनकी कोई दुकान थी ही नहीं। ये सब भूतिया वेंडर थे, जो फर्जी लाइसेंस पर काम कर रहे थे। जांच में ऐसी 67,000 नकली दुकानों का पता चला है, जो अब तक 36 लाख से ज्यादा केक बेच चुकी थीं। दरअसल, यहां एक पूरा काला खेल चल रहा था।

## रूस की जंग में भारत के 10 बेटों की मौत, 25 की उम्र में विधवा हुईं पत्नियां

# सरकार बोली- मर्जी से गए थे, कोर्ट का आदेश 'स्टेटस रिपोर्ट' दें

- पीड़ितों के परिवारों के डीएनए सैंपल की मांग
- मामला अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने बड़ा खुलासा किया। सरकार ने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना की ओर से लड़ते हुए 10 भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि इनमें से अधिकांश ने अपनी मर्जी से गए थे, जिसके चलते वे इस संघर्ष के बीच पहुंच गए। मारे गए लोगों में ज्यादातर युवा हैं और भारत में उनकी 25-26 वर्षीय पत्नी विधवा हो गई हैं। विदेश मंत्रालय ने यह जवाब उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया, जो रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे 26 भारतीय पुरुषों के परिवारों द्वारा दायर की गई थीं। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने विदेश मंत्रालयको निर्देश दिया है कि वह अब तक उठाए गए कदमों पर एक विस्तृत 'स्टेटस रिपोर्ट' दाखिल करे।

### विदेश मंत्रालय निष्क्रियः याचिकाकर्ता

परिवारों की ओर से पेश हुए वकील ऋत्विक भनोट ने विदेश मंत्रालय पर लापरवाही और निष्क्रियता के आरोप लगाए। वकील ने स्पष्ट किया कि इन लोगों को रूस में नौकरी का झूठा झांसा देकर ठगा गया था। वहां पहुंचने पर उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए और उन्हें जबरन युद्ध में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। विदेश मंत्रालय से कई बार गुहार लगाने के बावजूद कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हुई। मृतकों की सही पहचान और पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए याचिकाकर्ताओं ने अदालत से निर्देश देने की मांग की कि परिवारों के डीएनए सैंपल लिए जाएं।

### कुछ एजेंट नौकरी के लिए उकसा रहे

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सरकार का पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि 26 में से 10 भारतीयों की मौत हो चुकी है। एक व्यक्ति पर आपराधिक मामला दर्ज है, जबकि एक अन्य व्यक्ति जानबूझकर वहीं रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि ये लोग अपनी मर्जी से कॉन्ट्रैक्ट साइन कर रहे हैं और कुछ एजेंट/बिचौलिए उन्हें ऐसा करने के लिए उकसा रहे हैं। केंद्र बहुआयामी रणनीति पर काम कर रहा है और लोगों को ऐसे किसी भी कॉन्ट्रैक्ट को स्वीकार न करने की सलाह दे रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28